आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* संत भाकरे जन्मोत्सव ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 181 | इंदौर, बुधवार 28 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल 10 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

### इंदौर में अजीबो गरीब हो रहा, संभागायुक्त के फैसलों से सिस्टम पर लग रहा प्रश्नचिन्ह

## राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में हुई पंगत पर पंगु बने अधिकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में अजीबो गरीब हो रहा है। सरकारी सिस्टम जिला प्रशासन कार्यवाही करता है और संभाग प्रशासन स्थगन देता है। यह हाल सरकारी जमीनों में और यही नहीं भूमाफिया को भी सुन कलेक्टर की कार्यवाही रोकी जा रही है।

यह पहली बार हो रहा है ऐसा क्योंकि अक्सर ऐसे मामलों में जिला प्रशासन के एक्सन को संभागायुक्त कार्यालय सहयोग करता है, जिसमें सरकार को सरकारी जमीन मिल रही हो भूमाफिया को खिलाफ कार्यवाही हो लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

हाल ही में कुछ मामले सामने आए हैं जिसके चलते जिला प्रशासन के उस आदेश पर स्थगन देकर रोक लगा दी जिसमें सरकार को अरबों रुपए की जमीन मिल रही थी मामला है क्रिश्चियन कॉलेज, इंदौर की जमीन पर कलेक्टर की ओर से जमीन को सरकारी




घोषित किया गया है जिसके लिए हाईकोर्ट और सर्वोच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन के पक्ष में निर्णय देते हुए सुनवाई नहीं की लेकिन संभागायुक्त कार्यालय ने उसी आदेश पर स्थगन दे दिया।

इसी तरह एक भूमाफिया जिसने वर्षों से सैकड़ों लोगों को डायरी पर प्लाट दिए हैं लेकिन प्लाट नहीं है। उसके खिलाफ कार्रवाई के बाद वह संभागायुक्त कार्यालय गया तो वहां से एक आदेश दिया गया कि फिर से सुनें।

#### क्या है नियम

दरअसल, नियम है कि अगर सरकार स्तर पर निचले स्तर पर कोई आदेश होता है तो उसके उपर सुनवाई का अधिकार आम व्यक्ति के लिए है, लेकिन यह उस तरह के मामले होते हैं जिसमें आम किसी के साथ गलत हो रहा हो तो स्थगन आदेश दे दिया जाता है। बड़े मामलों में आपसी समन्वय होता है वंही किसी मामले को फिर से सुनने के मामले में एमपीएलआरसी में 2016-17 में संशोधन हुआ है जिसमें कहा गया है कि ऊपरी स्तर पर यदि सुनवाई कर रहे हैं तो सुनें लेकिन यहां कई मामलों में ऐसा नहीं हुआ है।

#### सरकार की किरकिरी

मिली जानकारी के अनुसार क्रिश्चियन कॉलेज की जमीन के मामले में सरकार के निर्देश के बाद ही काम हुआ था क्योंकि बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है ऐसे में सरकारी संस्था ही अगर जिला प्रशासन की कार्यवाही पर स्थगन देगा तो सरकार की किरकिरी होगी ही।

#### राजधानी में भी हलचल

जिला प्रशासन के फैसले पर स्थगन दिए जाने के बाद से सूत्रों का कहना है कि संघ संगठन और सरकार के प्रमुख लोग काफी गुस्सा में हैं क्योंकि इससे सरकार बैकफुट पर आती है।

#### इंदौर की घटनाओं पर चुप्पी

राजवाड़ा और गोपाल मंदिर जो कि धरोहर घोषित है। गोपाल मंदिर में हुए भोजन के कार्यक्रम को लेकर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की है। इस मामले में संभागायुक्त सुदाम खाड़े को एफआईआर दर्ज कर सम्बन्धित व्यक्ति पर कार्यवाही भी करना थी, परन्तु कई महीने बीत जाने के बाद भी आयोजन करने वालों पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। आयोजन कर्ता ने नवनिर्माण को हानि पहुंचाने के साथ अंदर कोयले की भट्टियों का भी उपयोग किया था। इस मामले में केवल प्रशासनिक स्तर पर ही कार्यवाही हुई थी।

---

## देश विदेश

### भारत और ईयू के बीच एफटीए समझौता फाइनल

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपियन संघ के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) मंगलवार को लगभग फाइनल हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस डील की तारीफ करते हुए इसे 'मदर ऑफ ऑल डील' बताया है। इस डील से उन भारतीय एक्सपोर्टर्स को राहत मिलने की संभावना है, जिन्हें अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ की वजह से नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी दिल्ली में आयोजित 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन से पहले सामने आई है। इस शिखर बैठक में पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा मौजूद रहे।

### पाकिस्तान की संयुक्त राष्ट्र में फिर हुई किरकिरी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान को एक बार फिर कड़ी फटकार का सामना करना पड़ा। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पार्वथानेनी हरीश ने पाकिस्तान को ऑपरेशन सिंदूर, जम्मू-कश्मीर, आतंकवाद और 27वें संशोधन जैसे मुद्दों पर बेनकाब किया। हरीश ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत और भारतीयों को नुकसान पहुंचाना ही पाकिस्तान का एकमात्र एजेंडा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पहले भी झूठे और भ्रामक दावे करता रहा है। भारतीय राजदूत ने बताया कि 9 मई 2025 तक पाकिस्तान लगातार भारत पर हमले की धमकियां दे रहा था, लेकिन 10 मई को पाकिस्तानी सेना ने खुद भारतीय सेना से संपर्क कर संघर्षविराम (सीजफायर) की अपील की।

### पंजाबी सिंगर वीर दविंदर के कनाडा के घर पर बदमाशों ने की फायरिंग



**4 करोड़ रुपये की मांगी फिरौती**

**नई दिल्ली।** कनाडा में बसे पंजाबी सिंगर वीर दविंदर के घर पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी। बताया जा रहा है कि इससे पहले बदमाशों ने सिंगर से 5 लाख डॉलर (करीब 4 करोड़ रुपये) की फिरौती मांगी थी। रकम नहीं मिलने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई थी। जानकारी के अनुसार, फिरौती की मांग के 19 दिन बाद हमलावरों ने वीर दविंदर के घर को निशाना बनाया और करीब 7 राउंड फायरिंग की। इनमें से तीन गोलियां कांच की दीवार को तोड़ते हुए सीधे बेडरूम तक पहुंच गईं। गनीमत रही कि घटना के समय सिंगर और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था, जिससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। यह सनसनीखेज घटना कैलगरी के है-रेडस्टोन कॉमन इलाके में हुई, जहां पंजाबी मूल के लोगों की अच्छी-खासी आबादी रहती है। फायरिंग की घटना के बाद इलाके में डर और असुरक्षा का माहौल है। बताया गया है कि वीर दविंदर कुछ वर्ष पहले ही अपने परिवार के साथ कनाडा में शिफ्ट हुए थे। 6 जनवरी को उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को आंडा बटाला बताते हुए 5 लाख डॉलर की मांग की। जब सिंगर ने यह रकम देने से इनकार कर दिया, तो आरोपी ने गंभीर अंजाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी।

### शंकराचार्य के समर्थन में फलाहारी बाबा ने खून से लेटर लिखा

**प्रयागराज।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और माघ मेला प्रशासन के बीच शुरू हुआ विवाद सरकार के लिए मुसीबत बन गया है। बीजेपी की फायरब्रांड नेता उमा भारती ने भी शंकराचार्य का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- शंकराचार्य से सबूत मांगकर प्रशासन ने मर्यादा तोड़ी। अविमुक्तेश्वरानंद ने इस पर कहा कि वे योगी को यह बात बता दें। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी बाबा ने सीएम योगी को खून से लेटर लिखा। उन्होंने कहा कि अविमुक्तेश्वरानंद को सम्मान के साथ गंगा स्नान कराने की व्यवस्था की जाए। अफसरों को माफी मांगने के लिए आदेश दिए जाएं।

### ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़ा ने बाहर निकाला

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा से महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी को बाहर कर दिया गया है। इसकी पुष्टि अखाड़े की प्रमुख महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने वीडियो जारी कर किया। उन्होंने कहा- अखाड़े के पदाधिकारी से बैठक करके यह निर्णय लिया है। अब ममता कुलकर्णी से अखाड़े का कोई संबंध नहीं है। वह अखाड़े की अधिकारी या सदस्य नहीं हैं। हमारे अखाड़े में महिला भी हैं, पुरुष भी हैं और किन्नर भी हैं। हम किसी तरह का विवाद नहीं चाहते हैं। मौनी अमावस्या के दिन जिस तरह से बटुक ब्राह्मणों को शिखा पकड़कर पीटा गया, इससे हमारी भी नाराजगी है।

---

### 5-डे वर्क वीक की मांग को लेकर बैंक हड़ताल से देशभर में कामकाज ठप

## सड़कों पर उतरे 8 लाख कर्मचारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अपनी लंबे समय से लंबित मांगों, विशेष रूप से 5-डे वर्क वीक (हफ्ते में पांच दिन बैंकिंग) को लागू करने के लिए आज देशभर के बैंक कर्मचारी एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर हैं। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर बुलाई गई इस हड़ताल के कारण मंगलवार को देश के अधिकांश हिस्सों में नकद जमा, निकासी, चेक क्लियरिंग और अन्य काउंटर सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं। दिल्ली से लेकर पटना और लखनऊ से लेकर रायपुर तक, बैंक शाखाओं के बाहर ताले लटके नजर आए और कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

**क्यों अड़े हैं बैंक कर्मचारी-** हड़ताल में शामिल कर्मचारियों का मुख्य तर्क यह है कि जब आरबीआई, एलआईसी, सेबी और केंद्र व राज्य सरकार के अधिकांश कार्यालयों में पांच




दिन का कार्य सप्ताह लागू है, तो राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों को इससे बाहर क्यों रखा गया है। प्रदर्शन कर रहे बैंक अधिकारियों ने कहा कि 12वें द्विपक्षीय समझौते के दौरान यह भरोसा दिया गया था कि छह महीने के भीतर सभी शनिवारों को छुट्टी घोषित कर दी जाएगी, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने इस पर अंतिम मुहर नहीं लगाई है।

#### ग्राहकों को झेलनी पड़ रही परेशानी

लगातार छुट्टियों (चौथा शनिवार, रविवार और गणतंत्र दिवस) के बाद मंगलवार को बैंक खुलने की उम्मीद थी, लेकिन हड़ताल के कारण ग्राहकों का इंतजार और बढ़ गया। हालांकि, अधिकांश जगहों पर एटीएम और डिजिटल बैंकिंग सेवाएं सुचारू रूप से काम कर रही हैं, लेकिन चेक आधारित भुगतान और लोन से जुड़े जरूरी काम अटक गए हैं।

#### यूनियनों का अगला कदम

बैंक यूनियनों ने साफ कर दिया है कि अगर सरकार और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने उनकी मांगों पर जल्द ही ठोस फैसला नहीं लिया, तो वे भविष्य में अनिश्चितकालीन हड़ताल या लंबे आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर सकते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वे सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना 40 मिनट अतिरिक्त काम करने को तैयार हैं, ताकि कार्यदिवस कम होने से सेवाओं पर असर न पड़े।

### वाट्सएप चलाने के लिए आने वाले दिनों में पैसे देने होंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वाट्सएप चलाने के लिए आने वाले दिनों में पैसे देने होंगे। दरअसल, कंपनी अपने प्लेटफॉर्म पर ऐड फ्री सब्सक्रिप्सन मॉडल पर टेस्टिंग करने जा रही है, जिसके अभी शुरूआती संकेत मिले हैं। आने वाले दिनों में यूजर्स को अपडेट टैब में विज्ञापन आने लगेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वाट्सएप 2.26.3.9 वर्जन कोड की जांच करने पर ऐसे नए स्ट्रिंग्स मिले हैं, जो स्टेटस और चैनल से विज्ञपान को रिमूव करने के लिए सब्सक्रिप्शन मॉडल के साइन देते हैं। हालांकि अभी तक आधिकारिक तौर पर इसको लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। वाट्सएप में पेड सब्सक्रिप्शन मॉडल को लेकर बहुत सीमित जानकारी है। हालांकि कंपनी अगर ऐसा प्लान ला रही है तो आने वाले दिनों में इसको लेकर और डिटेल्स का खुलासा होगा।

### चांदनी चौक में बंदूक की दुकान में भीषण धमाका, तीन गंभीर झुलसे



दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शहर के प्रमुख बाजार चांदनी चौक स्थित लक्कड़पीठा रोड पर सोमवार दोपहर एक बंदूक की दुकान में वेल्डिंग के दौरान जोरदार धमाका हो गया। दुकान में बारूद होने की वजह से आग अचानक भभक उठी और देखते ही देखते पूरा क्षेत्र धुएं और चीख-पुकार से भर गया।

धमाके के बाद झुलसे लोग जलती हालत में रोड पर आ गए, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई और दुकानदार शटर गिराकर भागने लगे। धमाके में बंदूक की दुकान के संचालक यूसुफ अली, निवासी सुतारों का वास, वेल्डिंग कारीगर शेख रफीउद्दीन, निवासी बाईजी का वास और उनका साथी नाज़िर, निवासी अर्जुन नगर, गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने उन्हें इंदौर रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार तीनों के शरीर पर गहरे और व्यापक जलने के घाव हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

---

### खजराना में कार में पुजारी का शव

## गोली मारकर की आत्महत्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खजराना थाना क्षेत्र में मंगलवार को कार के अंदर बैठकर पुजारी सतीश शर्मा ने खुद पिस्टल से सीने पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह मानसिक तनाव बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, सतीश शर्मा घर से पूजा का सामान लेने के बहाने निकले थे और कुछ ही घंटों बाद उनकी कार खजराना थाना क्षेत्र में खड़ी मिली। कार के अंदर उनका शव पड़ा था और सीने पर गोली का घाव था, पास से ही एक पिस्टल बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की पुष्टि हो गई है। स्थानीय लोगों ने संदिग्ध कार देखकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थाना प्रभारी सहित फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। परिजनों ने बताया कि सतीश शर्मा मंदिर में पुजारी थे और सामान्य जीवन जी रहे थे। मंगलवार सुबह वह



सामान लाने के लिए निकले थे, काफी देर तक न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और पिस्टल का लाइसेंस व अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद खजराना थाने पर परिजन पहुंचे, जहां उन्होंने किसी बाहरी साजिश का आरोप लगाया, लेकिन पुलिस ने सुसाइड नोट या अन्य साक्ष्यों के अभाव में इसे आत्महत्या ही बताया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों की पड़ताल जारी है, जिसमें पारिवारिक या आर्थिक परेशानियों का एंगल जांचा जा रहा है।

### ग्राहकों को छुट्टे पैसे से मिलेगी राहत, आरबीआई का निर्देश

## अब एटीएम से निकलेंगे 10, 20, 50 रुपए के भी नोट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अक्सर बाजार, ऑटो या बस में सफर के दौरान 500 का नोट देना लोगों के लिए मुसीबत बन जाता है। दुकानदार हों या ऑटो चालक अक्सर जवाब मिलता है, छुट्टे नहीं हैं। छोटे नोटों (10, 20, 50) की कमी से आम आदमी की रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित होती रही हैं। अब इस समस्या से राहत की खबर सामने आई है।

केंद्र सरकार छोटे नोटों की किल्लत दूर करने के लिए हाइब्रिड एटीएम लगाने की योजना पर काम कर रही है। ये एटीएम केवल नकदी निकालने तक सीमित नहीं होंगे, बल्कि बड़े नोटों को छोटे नोटों में बदलने की



सुविधा भी देंगे। यानी अब 500 या 200 का नोट डालकर मशीन से 10, 20 और 50 के नोट प्राप्त किए जा सकेंगे।

इस योजना का ट्रायल फिलहाल मुंबई में किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इन हाइब्रिड एटीएम को बाजारों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, अस्पतालों और सरकारी कार्यालयों जैसी अधिक भीड़भाड़ वाली जगहों पर लगाया जाएगा, जहां नकदी की जरूरत सबसे ज्यादा होती है।

#### नकद पर निर्भर तबके को मिलेगी राहत

भले ही डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा हो, लेकिन दिहाड़ी मजदूर, छोटे दुकानदार, सब्जी विक्रेता और रोजाना सफर करने वाले लोग आज भी नकदी पर निर्भर हैं। उनके लिए छुट्टे नोटों की कमी एक बड़ी रोजमर्रा की समस्या बनी हुई है। हाइब्रिड एटीएम इस वर्ग के लिए बड़ी राहत साबित हो सकते हैं।

#### आरबीआई की भी अहम भूमिका

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी इस योजना में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जरूरत पड़ने पर छोटे मूल्य के नोटों की छपाई बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि एटीएम में छुट्टों की कोई कमी न हो। सरकार और आरबीआई का साफ कहना है कि मकसद नकदी को खत्म करना नहीं, बल्कि नकदी को लोगों के लिए अधिक सुविधाजनक और सुलभ बनाना है।

---


### मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में कंप्यूटर प्रेमियों की पहली पसंद बना जियो-पीसी

## मात्र 599 रुपये में घर आएगा हाई-एंड कंप्यूटर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/रायपुर

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में कंप्यूटर की चाह रखने वाले लोगों के बीच रिलायंस जियो का 'जियो-पीसी' खासा लोकप्रिय हो रहा है। यह एक अत्याधुनिक क्लाउड-आधारित वर्चुअल डेस्कटॉप है, जो आपके घर या दफ्तर में मौजूद साधारण टीवी स्क्रीन को पल भर में एक पावरफुल पर्सनल कंप्यूटर में बदल देता है। जियो की यह तकनीक उन लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो कम खर्च में बेहतर कंप्यूटिंग का अनुभव चाहते हैं और साथ ही इस सुविधा में कोई मेंटनेंस भी नहीं लगता।

जिन ग्राहकों के पास पहले से जियोफाइबर या जियो एयरफाइबर के कनेक्शन मौजूद हैं, वे मासिक प्लान लेकर इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। वहीं, नए उपयोगकर्ताओं के लिए कंपनी




ने एक विशेष ऑफर पेश किया है, जिसके तहत वे इस सेवा का एक महीने तक निःशुल्क उपयोग कर सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म न केवल रोजमर्रा के दफ्तरी कामकाज के लिए उपयुक्त है, बल्कि इसकी शानदार प्रोसेसिंग क्षमता के कारण इस पर गेमिंग और ग्राफिक रेंडरिंग जैसे भारी काम भी आसानी से किए जा सकते हैं। आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह तकनीक बेहद किफायती है। बाजार में जियो-पीसी जैसी क्षमता वाला कंप्यूटर खरीदने पर 50 हजार रुपये से अधिक का खर्च आता है, जबकि जियो-पीसी के प्लान मात्र 599 रुपये + जीएसटी प्रति माह से शुरू होते हैं। इस तरह ग्राहक एक बड़ी एकमुश्त राशि की बचत कर सकते हैं। इस सब्सक्रिप्शन के साथ यूजर्स को सभी प्रमुख एआई टूल्स, एप्लिकेशन्स और 500जीबी तक का क्लाउड स्टोरेज भी दिया जा रहा है।

- ग्राहकों की सुविधा के लिए कंपनी मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के अपने सभी जियो आउटलेट्स पर किफायती दामों में डिजिटल कीबोर्ड और माउस भी उपलब्ध करा रही है। इसका सेटअप भी अत्यंत सरल है, ग्राहकों को केवल डिजिटल कीबोर्ड और माउस को जियो सेट-टॉप बॉक्स से जोड़ना होगा और टीवी स्क्रीन पर जियो-पीसी ऐप लॉन्च कर लॉग-इन करना होगा।
- सुरक्षा के लिहाज से भी जियो-पीसी काफी भरोसेमंद है। यह नेटवर्क-स्तरीय सुरक्षा प्रदान करता है, जो इसे वायरस, मैलवेयर और हैकिंग से सुरक्षित रखता है। इसके माध्यम से की जाने वाली ऑनलाइन शॉपिंग, बैंकिंग, क्लासेज और वर्क-फ्रॉम-होम का डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहता है। ग्राहक अपनी व्यक्तिगत फोटो और वीडियो भी क्लाउड में सुरक्षित रख सकते हैं और अपनी जरूरत के अनुसार स्टोरेज को बढ़ा भी सकते हैं।

### खंडवा में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

## करीब 2 टन बारूद जब्त



दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

खंडवा पुलिस ने अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से करीब दो टन बारूद और रस्सियां मिली हैं।

एसपी मनोज कुमार राय ने कहा- अवैध फैक्ट्री सम्यक गोल्ड कॉलोनी के क्लब हाउस की छत पर चलाई जा रही थी। पुलिस जिस वक्त वहां पहुंची, विस्फोटक शिफ्ट करने की तैयारी चल रही थी। मौके पर एक पिकअप वाहन खड़ा था। उसके ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ में ड्राइवर ने बताया है कि फैक्ट्री यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रोफेसर इमरान परयानी की है। एसपी ने कहा- यह कॉलोनी करीब 15 साल पहले पूर्व मंत्री हीरालाल सिलावट की जमीन पर काटी गई थी। उस समय इसे हाईटेक स्तर पर डेवलप किया गया था, लेकिन फिलहाल यह खंडहर हालत में है। कॉलोनी में बिजली लाइन तक नहीं है। सूनेपन का फायदा उठाकर यहां अवैध रूप से विस्फोटक जमा कर पटाखे बनाए जा रहे थे।

# अंचल में गणतंत्र दिवस पर्व हर्षोल्लास से मनाया






दैनिक अवन्तिका ▶▶ कायथा

गणतंत्र दिवस का पर्व राष्ट्र भक्ति के साथ धुमधाम से मनाया गया सरकारी और निजी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया प्रभात फेरीया निकाली गई मुख्य कार्यक्रम ग्राम पंचायत कायथा और हायर सेकेंडरी स्कूल में किया गया राष्ट्रीय गीतो की गूंज ने माहौल राष्ट्र भक्ति मय बना दिया बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे प्रस्तुति देकर आयोजन मे समा बांध दिया इस अवसर पर ग्राम पंचायत कायथा सरपंच अनिता कुंवर सिसोदिया छोटा रावला ने ध्वजारोहण किया शासकीय वराहमिहिर स्कूल में प्राचार्य प्रकाश पंवार,महाविद्यालय प्राचार्य डा.आभा तिवारी,डा.मुकेश कुमार शाह, कैलाश मुजाल्दा,डा. धीरेन्द्र केरवाल,डा. संजय कुमार सिंह,थाना प्रांगण कायथा मे थाना प्रभारी रामकुमार मालवीय, सीनियर छात्रावास मे अधिक्षक जगदीश परमार, शासकीय दुग्ध संस्था कायथा मे अध्यक्ष घनश्याम चावड़ा, देवास रोड़ पर अंबेडकर शोध संस्थान कायथा के कैलाश नरवरिया,तुलसी विला पर विनोद परमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं सभी स्थानो पर मिठाई वितरण की गई।

## महिदपुर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया विद्यालयों व शासकीय कार्यालयों में झंडावंदन किया गया। स्कूली छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली। मुख्य कार्यक्रम कृषि उपज मंडी में



आयोजित किया गया, जनपद अध्यक्ष कृष्णा सूर्यवंशी ने झंडावंदन किया। विधायक दिनेश जैन बॉस एवं पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान विशेष अतिथि रहे। स्कूली छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पुरस्कार वितरण भी संपन्न हुआ। प्रातः न्यायालय परिसर में जिला सत्र न्यायाधीश ने न्यायाधीशों एवं अभिभाषकों की उपस्थिति में झंडावंदन किया। तहसील में अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे ने झंडा फहराया। शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ सक्सेना, उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य परमार, कन्या उमवि में प्राचार्य दावरे, मॉडल स्कूल में प्राचार्य सोनी, आंबेडकर चौक पर कैलाश बगाना, महिदपुर पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में आरसी मिश्रा, एमपीएस एकेडमी में प्राचार्या सपना जैन, स्वामी विवेकानंद संगठन द्वारा आसादी गली चौराहे पर झंडावंदन किया गया।

## मक्सी

शासकीय आयुष चिकित्सालय में झंडा वंदन आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहित कुशवाहा ने किया अतिथि के रूप में पूर्व आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ कैलाश जी ओरिया, मप्र आयुष चिकित्सक कमेटी के प्रवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ गोविंद जी मालवीय डॉ अर्चना शर्मा डॉ सचिन भंडारी, मुकेश जाधव श्री मति गुलाब जाधव गोवर्धन सिंह सिसोदिया प्रदेश अध्यक्ष समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ मध्यप्रदेश (आयुष प्रकोष्ठ) सामाजिक कार्यकर्त्ता बृजेश सोनी , राकेश अंसल गोविंद भावसार आदि मौजूद थे

# स्कूलों में झंडावंदन एवं प्रभात फेरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुए

## महिदपुर रोड

महिदपुर रोड में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ने तृत्व में मप्र कांग्रेस कमेटी सदस्य रणछोड़ त्रिवेदी के मुख्य अतिथि में ध्वजारोहण किया गया और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत शर्मा ने मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्य क्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह राठौड़ लाल सिंह राठौड़ भूपेंद्र सिंह पंवार गोपाल सिंह चौहान प्रेम सिंह राठौड़ हाकम सिंह दूधावत अशोक शर्मा शौकत मंसूरी नितिन पाटीदार नितिन शर्मा मनीष प्रजापत दारा सिंह चौहान आबिद मंसूरी किशोर पांडे पप्पू राव अमृतलाल कलेरिया कन्हैया लाल पंवार कैलाश चौधरी आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर संविधान के मूल्यों के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतां त्रिक परंपराओं को सुद्दढ़ करने का संकल्प लिया।

इसी प्रकार महिदपुर रोड में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ने तृत्व में मप्र कांग्रेस कमेटी सदस्य रणछोड़ त्रिवेदी के मुख्य अतिथि में ध्वजारोहण किया गया और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत शर्मा ने मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्य क्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया इस अवसर पर लक्ष्मण सिंह राठौड़ लाल सिंह राठौड़ भूपेंद्र सिंह पंवार गोपाल सिंह चौहान प्रेम सिंह राठौड़ हाकम सिंह दूधावत अशोक शर्मा शौकत मंसूरी नितिन पाटीदार नितिन शर्मा मनीष प्रजापत दारा सिंह चौहान आबिद मंसूरी किशोर पांडे पप्पू राव अमृतलाल कलेरिया कन्हैया लाल पंवार कैलाश चौधरी आदि उपस्थित रहे । इस अवसर पर संविधान के मूल्यों के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक परंपराओं को सुद्दढ़ करने का संकल्प लिया।

## महिदपुर रोड

नगर में सोमवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया ग्राम पंचायत में सरपंच रितु पाटीदार ने अतिथियों की उपस्थिति में झंडा वंदन किया इस दौरान सरपंच ने अपने संबोधन में आगामी दिनों में नगर के विकास के संबंध में किये जाने कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी इस दौरान न्यायाधीश की परीक्षा उत्तीर्ण कर न्यायाधीश बनने वाली मुस्कान मंसूरी के पिता तथा अपेक्स बैंक में शाखा प्रबंधक के रूप में पदस्थ हुए आयुष पोरवाल के पिता का सम्मान किया गया स्कूली छात्रों ने विभिन्न गीत रचना तथा शारीरिक प्रदर्शन कर अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया कार्यक्रम में थाना प्रभारी भाभौर जिला पंचायत सदस्य सतनाम सिंह गौर जनपद सदस्य बाबू दास बैरागी रेलवे चौकी प्रभारी अशो क यादव उप सरपंच मांगीलाल आंजना प्राचार्य शिवनारा यण बामनिया प्रधानाध्यापक विमल सूर्यवंशी सहित पंच उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्याम गुलाटी ने किया आभार पंचायत सचिव रमेश शर्मा ने माना आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी झंडा वंदन के कार्यक्रम संपन्न हुए। ग्राम पंचायत झुटावद में सरपंच शिव सौलंकी ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में झंडा वंदन किया।

## महिदपुर रोड़

नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में उमड़ा देशभक्ति का उत्साह मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ बालचंद राठौर ने किया ध्वजारोहण किया इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में नगर के थाना प्रभारी आर एस भाभौर ए एस आई रविन्द्र सिंह भाटी सामाजिक कार्यकर्ता रमेश मीणा, पंकज मंडोवरा उपस्थित रहे विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्य क्ष राजेश कांठेड़, सचिव कैलाशचंद शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश मंडोवरा, सदस्य नरेंद्र कसेरा उपस्थित रहे नगर में स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी के रूप में तिरंगा यात्रा निकाली घोष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान देकर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई इस यात्रा के दौरान नगर के मुख्य चौराहों पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों दी और साथ ही योग शारीरिक शिक्षा का प्रदर्शन भी किया विद्यालय के प्राचार्य रामेश्वर परमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थि यों को भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों- न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व से परिचित कराना तथा उन्हें एक जाग रूक,अनुशासित और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिये प्रेरित करना रहा। इसके साथ ही भारतीय संस्कृति,परंपराओं और राष्ट्रीय एकता के महत्व को रेखां कित किया गया।

## खाचरोद

श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ, खाचरोद में 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी तथा राज राजेंद्र शिक्षण समिति के सदस्य उपस्थित रहे।इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक परेड की प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में वंदे मातरम का सामूहिक गान हुआ।तत्पश्चात कक्षा द्वितीय की छात्रा दक्षिता पंवार ने अंग्रेजी भाषण प्रस्तुतत्र कर सभी को प्रभावित किया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। छात्रा अधिश्री सिसोदिया ने हिंदी कविता के माध्यम से देशप्रेम का संदेश दिया।विद्यालय के प्रबंधन समिति सदस्य द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रेरणादायक संबोधन किया गया। अंत में प्राचार्य श्रीमती वीना कुंदी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, देशभक्ति एवं संविधान के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।












सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | बुधवार 28 जनवरी, 2026 | www.awantika.com


## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर हाईकोर्ट परिसर में हुआ ध्वजारोहण

**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर खण्डपीठ के न्यायमूर्तिगण, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अभिभाषकगण तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर खण्डपीठ के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला ने राष्ट्रध्वज फहराया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ। समारोह के दौरान भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को सजीव रूप में प्रस्तुत करते हुए परंपरागत आदिवासी नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गईं। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भारत की विविधता में एकता की भावना को दर्शाते हुए समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया तथा उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने पूज्य पिता श्री एस.एम. संवत्सर की स्मृति में एक प्रतिभाशाली अधिवक्ता को हर वर्ष स्कॉलरशिप प्रदान करने के पुनीत कार्य के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्री सुभाष संवत्सर को न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने शॉल श्रीफल एवं पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर न्यायमूति सुबोध अभ्यंकर, न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा, न्यायमूर्ति मिलिंद रमेश फड़के, न्यायमूर्ति संजीव एस कालगांवकर, न्यायमूर्ति विनय सराफ, आदि मौजूद थे।

### गणतंत्र दिवस पर बच्चों को स्कूली बैग भी किये वितरित

**इंदौर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने शासकीय विद्यालय मुसाखेड़ी में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश और प्रदेश का भविष्य इन्हीं बच्चों के हाथों में है। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, विधायक महेंद्र हार्डिया, महापौर परिषद के सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बच्चों को स्कूली बैग सहित अन्य पाठ्यसामग्री भी वितरित की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री देवड़ा ने कहा कि 26 जनवरी के अवसर पर पूरे प्रदेश में बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन करने का कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक है। इससे बच्चों में समानता, सहयोग और आत्मीयता की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस दौरान विद्यालय की भूमि से संबंधित एक समस्या पर संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि भोपाल जाकर संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर 4 बन्दियों को रिहा किया गया

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल के अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आजीवन कारावास के 4 पुरूष बंदी एवं 0 महिला बंदी इस प्रकार कुल 04 दण्डित बंदियों को उनके अच्छे आचरण की शर्त पर राज्य शासन परिहार का लाभ दिया जाकर केन्द्रीय जेल से रिहा किया गया तथा उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। रिहाई पर बन्दियों को प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड और भोजन के पैकेट प्रदाय किए गए।

# नायता मुंडला बस स्टैंड निजी हाथों में सौंपेंगे, 29 जनवरी को खुलेगा टेंडर, जल्द होगा निर्णय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

नगर निगम हो या फिर विकास प्राधिकरण के कई काम ऐसे जहां अब अधिकतर निजीकरण के तहत पूरे किए जा रहे हैं। यही कारण है कि अब जल्द ही नायता मुंडला स्थित बस स्टैंड को भी प्राइवेट कंपनी को सौंपने की तैयारी निगम द्वारा कर ली गई है जहां टेंडर खुलने के साथ ही संबंधित कंपनी से अनुबंध किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसी महीने 4 दिन बाद नायता मुंडला स्थित बस स्टैंड को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी है। पीपीपी मॉडल के तहत इसे 25 वर्षों के लिए सिटी बस ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा प्राइवेट कंपनी को विभिन्न पहले टेंडर जारी किए थे, लेकिन किसी कारणवश टेंडर खोलने की तारीख में इजाफा हुआ है और अब इसी महीने के अंत में खुलेगा जहाँ कम्पनी का फैसला होगा। नायता मंडला स्थित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल जहां पर कई दुकानें व कुछ कार्यालय भी प्राधिकरण द्वारा निर्माण किए थे उन सभी को अब निजी हाथों में देने की तैयारी नगर निगम कर रहा है। अगले 25 वर्षों के लिए प्राइवेट हाथों में देने के साथ ही अनुबंध के लिए शर्तों को लेकर भी अधिकारियों की बैठक होने जा रही है और इस मामले को लेकर जल्द ही फैसला होगा।

हालांकि टेंडर हुए थे, लेकिन किसी कारणवश मामला आगे नहीं बढ़ सका था इसलिए अब इस पर काम चल रहा है और इसी महीने टेंडर खोलने के साथ ही शर्तों पर चर्चा होगी और अगले महीने संबंधित कंपनी के साथ नगर निगम अनुबंध कर सकता है। सिटी बस ट्रांसपोर्ट के सीईओ अर्थ जैन ने बताया कि टेंडर 2-3 दिन में खुलने जा रहा है। सारी शर्तें उसी आधार पर होगी। इसे निजी हाथों में देने की तैयारियाँ हो चुकी हैं।



### बस स्टैंड हरियाली से होगा आच्छादित

नायता मुंडला बस स्टैंड हरियाली से आच्छादित होगा। यहां परिसर के अंदर और बाहर बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए हैं। खाली स्थानों पर भी पौधे लगाए जाएंगे। बस स्टैंड से प्रतिदिन 30 हजार के करीब यात्री सफर कर सकेंगे। 22 करोड़ रुपये की लागत से बने बस स्टैंड में 650 बसों का संचालन होगा। इस बस स्टैंड पर मल्टीपल टिकट खिड़की, पूछताछ केंद्र, ड्राइवरों के लिए विश्राम कक्ष, यात्रियों के लिए वेटिंग हाल सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

### एयरपोर्ट जैसी रहेगी सुविधाएं

एमआर-10 बस स्टैंड पर एयरपोर्ट जैसा भव्य टर्मिनल बनाया जा रहा है। इसके कारण ही बस स्टैंड का निर्माण अधूरा है। कंस्ट्रक्शन, पार्किंग, भवन सहित अन्य कार्य पूरे हो चुके हैं। दो बार इसके निर्माण की समय सीमा बढ़ाई जा चुकी है। अब नए साल में ही यहां से बसों का संचालन शुरू हो सकेगा।

### विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के निर्देशन में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर द्वारा भारतीय स्टेट बैंक इंदौर के सहयोग से पंच-ज अभियान के अंतर्गत चित्रकला/सांस्कृतिक प्रतियोगिता कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता पंच-ज अभियान के अंतर्गत जन, जल, जंगल, जमीन और जानवर के संरक्षण एवं संवर्धन तथा भारत के संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों के प्रति जन-जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से की गई। प्रतियोगिता कार्यक्रम में विद्यार्थियों और दिव्यांग बच्चों द्वारा सहभागिता की गई।

## नई नियुक्तियों पर लगी रोक, चुनाव की चर्चा तेज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई में बड़े संगठनात्मक बदलाव के संकेत साफ नजर आने लगे हैं। हाल के घटनाक्रमों और नियुक्तियों पर रोक के बाद स्पष्ट हो गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व मध्यप्रदेश इकाई में नई टीम बनाने की दिशा में सक्रिय हो गया है। सूत्रों के अनुसार, प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकाल मई 2025 में समाप्त हो चुका है, जिसके बाद संगठन में नेतृत्व और जिम्मेदारियों के पुनर्गठन की आवश्यकता महसूस की गई। इसके बावजूद पिछले कुछ महीनों में संगठनात्मक नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी रही, जिसे अब राष्ट्रीय नेतृत्व ने अस्थायी रूप से रोक दिया है। दिसंबर 2025 में प्रदेश इकाई में दो दर्जन से अधिक जिला अध्यक्षों को बदलने की योजना बनाई गई थी। हालाकि, राष्ट्रीय नेतृत्व ने संगठनात्मक प्रक्रिया और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी नियुक्तियों को रोक दिया। सूत्रों के मुताबिक, यह कदम संगठन में अनुशासन बनाए रखने और प्रक्रिया के अनुसार पदों का आवंटन करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

हाल ही में प्रदेश मीडिया विभाग से जुड़ी एक नियुक्ति भी होल्ड की गई है। 19 जनवरी को एक नए प्रदेश प्रवक्ता को नियुक्त किया गया था, लेकिन 21 जनवरी को राष्ट्रीय नेतृत्व ने इसे रोक दिया। एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी शाहिल शर्मा ने स्पष्ट किया कि संगठन में अनुशासन और पारदर्शिता सर्वोपरि है और मेरी जानकारी और अनुमति के बिना जारी कोई भी नियुक्ति पत्र मान्य नहीं होगा। संगठन में अनुशासन, पारदर्शिता और निर्धारित प्रक्रिया सर्वोपरि है। इसी कारण सभी नई नियुक्तियों को राष्ट्रीय नेतृत्व की मंजूरी के बाद ही मान्यता दी जाएगी।

### जिले के मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने किया ध्वजारोहण

## आकर्षक परेड के साथ निकाली गई नयनाभिराम झांकियाँ, बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने आज इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड की सलामी भी ली। इंदौर जिले में आज खुशनुमा वातावरण में देशभक्ति के अपार उत्साह और उमंग के साथ जोश और जुनून के वातावरण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा नयनाभिराम झांकियां भी निकाली गयी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस के संदेश का वाचन भी किया गया। स्कूली बच्चों ने रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।




गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अभूतपूर्व उत्साह का माहौल था। समारोह में 16 प्लाटूनों ने गर्मजोशी से आकर्षक परेड प्रस्तुत की। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने ध्वजारोहण के पश्चात खुली जीप से परेड का निरीक्षण किया। परेड के पश्चात उन्होंने परेड कमाण्डरों से परिचय भी प्राप्त किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त श्री संतोष सिंह तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा उनके साथ थे। परेड के दौरान सशस्त्र दलों द्वारा हर्ष फायर किये गये। समारोह में 16 दलों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। समारोह में परेड का नेतृत्व परेड कमांडर सहायक पुलिस आयुक्त श्री कुन्दन मण्डलोई ने किया। उनका अनुकरण टूआईसी सुबेदार श्री राजू सांवले ने किया। इस अवसर पर आरएपीटीसी, फर्स्ट बटालियन, पंद्रहवी वाहिनी, जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), होमगार्ड, यातायात पुलिस, एनसीसी एयरविंग, एनसीसी आर्म्ड, स्काउट, गाइड, स्टूडेंट पुलिस कैडेट, शौर्य दल तथा सृजन दल द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर प्रथम वाहिनी के बैंड ने देशभक्ति की धून से पूरे वातावरण को जोश और जुनून से ओतप्रोत कर दिया।

### जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित निकाली गई झाँकियाँ

समारोह के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों पर आधारित नयनाभिराम झाँकियाँ निकाली गई। इनमें मुख्य रूप से खजराना गणेश मंदिर द्वारा संचालित आध्यात्मिक तथा धार्मिक और अन्य क्षेत्र संबंधी गतिविधियों पर आधारित झांकी, नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन और वेस्ट मटेरियल के आर्ट्स संबंधी, यातायात पुलिस द्वारा यातायात सुधार, जिला पंचायत द्वारा लखपति दीदी और आत्मनिर्भर भारत, शहर के विकास, औद्योगिक विकास और जेल में चलायी जा रही रोजगारमूलक गतिविधियों पर आधारित झाँकी शामिल थी।

## जावरा कंपाउंड में जानलेवा चैंबर, हादसे को दे रहा न्योता

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर के जावरा कंपाउंड क्षेत्र में स्थित कुटुंब न्यायालय और जगदाले स्कूल के समीप हाल ही में बनी सड़क पर एक चैंबर की हालत बेहद चिंताजनक बनी हुई है। चैंबर का ढक्कन क्षतिग्रस्त है और उसके भीतर लगे लोहे के सरिए बाहर की ओर दिखाई दे रहे हैं। यह स्थिति न सिर्फ लापरवाही को दशार्ती है, बल्कि किसी बड़े हादसे का खुला संकेत भी मानी जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क अपेक्षाकृत नई है, इसके बावजूद चैंबर का ढक्कन टूटना निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है। खासतौर पर स्कूल और न्यायालय के पास होने के कारण यहां दिनभर बच्चों, बुजुर्गों, वकीलों और आम नागरिकों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में यदि कोई वाहन फिसल गया या कोई राहगीर असावधानीवश चैंबर में गिर गया, तो गंभीर दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## सीएम डॉ. यादव गणतंत्र दिवस पर आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत मोहनपुरा के शासकीय हाई स्कूल (एकीकृत शाला) में आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बच्चों को दुलारकर उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। इस दौरान अनिल जैन कालूहेडा ,श्री संजय अग्रवाल, श्री ओम जैन, श्री राजेश धाकड, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर, उपाध्यक्ष श्रीमती शिवानी कुंवर, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, एसपी श्री प्रदीप शर्मा व अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी बच्चों के साथ भोजन किया। उल्लेखनीय है कि विशेष भोज में ज्वार, बाजरा, मक्के की रोटी, सरसो का साग, खीर, सलाद, पापड, मिक्स वेज, गुड, बाखरे का खिचडा, गुलाब जामुन और नमकीन बनाया गया था।

# युवाओं को सिखाया भारतीय संस्कृति अपनाओ नशे से रहो दूर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गणतंत्र दिवस पर वैसे तो शहर में आज कई कार्यक्रम हुए लेकिन इन सबके बीच भरतपुरी स्थित इस्कॉन मंदिर में युवाओं के लिए आई लव भारत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए जिन्हें इस्कॉन मंदिर के युवाओ द्वारा भारतीय संस्कृति को अपनाने के साथ ही नशे से दूर रहने की सलाह भी दी गई।

इस्कॉन मंदिर के बोर्ड मेंबर राघव पंडित दास ने बताया कि कुछ दिनों पहले आई लव मोहम्मद का एक नारा पूरे देश भर में गूंज रहा था। हमारे इस आयोजन की परिकल्पना यहीं से शुरू हुई। हमने गणतंत्र दिवस पर युवाओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई थी, जिसका नाम आई लव भारत रखा गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय संस्कृति से जोड़ना और नशे से दूर करना था। इस कार्यक्रम में हमें उज्जैन के लोगों का अच्छा सहयोग मिला। यही कारण है कि बड़ी संख्या में युवा इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। यह कार्यक्रम उज्जैन में पहली बार आयोजित हुआ है, लेकिन अब इस तरह का आयोजन जल्द ही स्वतंत्रता दिवस पर अन्य स्थानों पर भी होगा।

### यह है कार्यक्रम का उद्देश्य

बताया जाता है कि नशा-मुक्त भारत और युवा सशक्तिकरण की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तनाव, नशा, अवसाद एवं भटकाव से मुक्त कर एक सकारात्मक और मूल्यपरक जीवन की ओर प्रेरित करना था। यह आयोजन श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों पर आधारित रहा, जिसमे युवाओं को जीवन में स्थिरता एवं सफलता का मार्ग दिखाया गया।


**आयोजन में यह हुआ-** कार्यक्रम के अंतर्गत संदेश को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करने के लिए नाटक, नृत्य, प्रेरणादायक भाषण, कीर्तन तथा वीडियो शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उज्जैन के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं कोचिंग संस्थानों से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

**अमेरिका में युवाओं को श्रीकृष्ण भक्ति से जोड़ा-** अमेरिका की युवा शक्ति दम मारो दम से बुरी तरह प्रभावित थी। यह भारतीय संस्कृति का कमाल था कि इस्कॉन के श्रील प्रभुपाद ने उन्हें नशा मुक्त कर भारतीय परिवेश में लाकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से जोड़ा और हिप्पी से हैप्पी बनाया।


### बैंककर्मियों की हड़ताल, गांधी हाल में किया प्रदर्शन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

बैंकों में 5 डे वीक वर्किंग यानी, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग को लेकर मंगलवार को इंदौर के बैंककर्मी हड़ताल पर हैं। पूरे प्रदेश में बैंकों की 7 हजार से ज्यादा ब्रांच में ताले लटके दिखे। एक ही दिन में लाखों-करोड़ रुपए के कारोबार पर असर पड़ेगा। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर यह हड़ताल की जा रही है। इंदौर सहित भोपाल, उज्जैन, जबलपुर-ग्वालियर समेत प्रदेशभर की बैंकों में ताले लटके दिखाई दिए। इससे चेक क्लियर, लेन-देन जैसे कामों पर असर पड़ेगा, वहीं एटीएम में रुपयों की कमी भी हो सकती है।



# जब संत विनोबा ने गृहस्थ को समझाया संन्यास का महत्व



महाराष्ट्र के प्रसिद्ध संत विनोबा एक बार रांजणगांव पधारे। संत जब भिक्षाटन के लिए निकले तो गृहस्वामिनी ने भिक्षा देते हुए कहा, 'महाराज आपसे एक विनती है। मेरे पति रोजाना मुझसे झगड़ा करते हैं और कहते हैं कि यदि तुने मेरी बात नहीं मानी तो मैं भी संतोबा के समान वैराग्य धारण कर लूंगा। आप ही बताए मैं क्या करूं?' संतोबा नें हंसते हुए कहा, 'इस बार यदि वह धमकी दे तो कह देना की वह घर छोड़कर संतोबा के साथ जा सकते हैं। मेरा जीवन आपके बगैर भी चल सकता है।' दूसरे ही दिन पति-पत्नी में किसी बात को लेकर तकरार हो गई। पति ने फिर से घर छोड़कर जाने और संतोबा की मंडली में शामिल होने की बात कही। इस बार पत्नी ने कह दिया, 'वह घर छोड़कर जा सकते हैं। मैं अकेले ही जीवन यापन कर लूंगी।'

पति ने पत्नी की बात से आहत होकर घर छोड़ दिया और वह संतोबा के पास पहुंच गया। संतोबा ने उसकी विनती पर उसको संन्यास मार्ग पर आगे बढ? की इजाजत देते हुए उसको अपनी मंडली में शामिल कर लिया। संतोबा ने उसके शरीर पर भभूत मलने के साथ उसको कमंडल और झोली भिक्षाटन के लिए दी और कहा, 'नजदीक के गांव से भिक्षा मांगकर लाए।' वह गुरु आज्ञा से पास के गांव में भिक्षाटन के लिए गया। कई घरों में भिक्षा मांगने के बाद भी उसको ज्यादातर जगहों पर निराशा मिली। आखिर एक घर से उसको कुछ चपाती, चावल और तरकारी मिली। वह लेकर संतोबा के पास गया। संतोबा ने उस भिक्षा को ग्रहण करने के लिए कहा। उस व्यक्ति ने जब उस खाने को देखा तो खाने से इंकार कर दिया। तू संतोबा ने उससे कहा, 'हमारे लिए तो रोजाना यही 56 भोग है और हम इसको ही रोजाना ग्रहण करते हैं।' इतना सुनते ही उस व्यक्ति की आंखों पर डला वैराग्य का परदा हट गया और वह बोला, 'इस तरह के संन्यास से रोजाना के झंझट वाली गृहस्थी लाख गुना बेहतर है।'

सम्पादकीय

## विश्वविद्यालय और समाज

अभी हम अपना 77वां गणतन्त्र दिवस मना चुके हैं जिसमें भारत के शौर्य से लेकर इसकी शक्ति व प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। निश्चित रूप से हमने आजादी के बाद से चहुंमुखी विकास किया है जिसकी छाप राष्ट्र के हर क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। परन्तु कोई भी राष्ट्र तभी आगे बढ़ता है जब इसमें रहने वाले लोग जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं और सशक्त बनते हैं क्योंकि वही देश मजबूत होता है जिसके लोग मजबूत होते हैं। देशों का निर्माण चूंकि इसमें रहने वाले लोगों से ही होता है अतः यह बहुत जरूरी हो जाता है कि किसी भी देश के लोगों के बीच आपसी भाईचारा व सौहार्द इस प्रकार हो कि हर किसी के प्रगति करने में किसी प्रकार की कोई सामाजिक व आर्थिक बाधा न हो। इसके लिए सबसे पहली शर्त यह होती है कि उस देश के लोग शिक्षित व स्वस्थ हों । इस बारे में लोकतान्त्रिक व्यवस्था में चुनी गई सरकारों की विशेष भूमिका होती है क्योंकि सरकारी नीतियों से ही किसी भी देश में शिक्षा व स्वास्थ्य की गारंटी तय की जा सकती है। अतः स्वतन्त्र भारत में शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर सरकारों ने अपनी जिम्मेदारी को पहचानते हुए शिक्षा के प्रचार-प्रसार में विशेष योगदान दिया और निजी व सरकारी शिक्षण संस्थानों के माध्यम से लोगों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया। भारतीय समाज चूंकि जातिगत व्यवस्था के चलते ऊंच-नीच के भाव से ग्रस्त था अतः ऐसे समाज में शिक्षा का प्रसार करके जातिगत भेदभाव को समाप्त करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया।

समाज के सभी वर्गों के समुचित विकास के लिए यह बहुत जरूरी था कि स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक में सामाजिक रूप से अगड़े-पिछड़े व दलित-सवर्ण में बंटे समाज को शिक्षा के माध्यम से एक समान बनाया जाये और सभी अमीर व गरीब विद्यार्थियों के लिए एक समान स्तर की शिक्षा प्रणाली विकसित की जाये। इस काम में हम उस सीमा तक सफल नहीं हो सके जिसकी अपेक्षा स्वतन्त्र भारत के निमार्ताओं को थी। इसकी सबसे प्रमुख वजह यह रही कि जमीन तक जड़ें जमाए हुए सामाजिक वर्जनाओं की विसंगतियां हमारे शिक्षण संस्थानों तक में पहुंची जिसके कारण समाज के सदियों से शिक्षा से वंचित लोगों के साथ सम्यक रूप से न्याय नहीं हो सका। इसके लिए स्वतन्त्र भारत की सरकारों ने शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जातियों व जन जातियों के लोगों को आरक्षण देकर यह तय किया कि वे जीवन में तरक्की करने से किसी से पीछे न रह पायें।

### द्वादश ज्योतिर्लिंगों में भी महत्वपूर्ण स्थान है इस मंदिर का

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को सकारात्मक दृष्टि से देखें

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तीन दिवसीय कार्यक्रमों पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं जैसी भी रही हो देश ने इससे सकारात्मक संदेश लिया है। कार्यक्रम के आकर्षक दृश्यों ने देश में अपने इतिहास -संस्कृति -सभ्यता -अध्यात्म को लेकर सुदृढ़ हो रही चेतना को और सामूहिक बल प्रदान किया है। स्पष्ट है पूरे कार्यक्रम की योजना अत्यंत गंभीर विवेचन के बाद बनी जिसमें अध्यात्म ,साधना व कर्मकांड सहित इतिहास और पराक्रम का समुच्चय उचित रूप में समाहित था। तीन दिनों के मंत्र जाप के कर्मकांडीय विधान के पीछे संपूर्ण वातावरण में सकारात्मक चेतना और ऊर्जा पैदा कर ब्रह्मांड के कल्याण में योगदान का भाव था तो 108 घोड़े के शास्त्रीय विधान के साथ शौर्य यात्रा न केवल सोमनाथ संघर्ष में बलिदान हुए लोगों को श्रद्धांजलि की ओर लक्षित था बल्कि आत्मविश्वास पैदा करने का भाव भी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शौर्य यात्रा का नेतृत्व किया। पूजा और अभिषेक के बाद उपस्थित जन समुदाय का संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिनने सोचा कि सोमनाथ मंदिर नष्ट हो गया वे कहीं समाप्त हो गए लेकिन आज भी सोमनाथ का यह पताखा लहराता हुआ बता रहा है कि हम पर चाहे जितने हमले हों हमें नष्ट नहीं कर सकते। अंत में उन्होंने कहा भी कि इसी विश्वास के साथ हमें भारत को आगे बढ़ाना है तथा दुनिया की ऐसी शक्ति बनानी है जो विश्व कल्याण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान दे सके।

2026 गुजरात के सोमनाथ मंदिर के लिए दो कारणों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक, 1026 में महमूद गजनवी ने मंदिर पर हमला कर ध्वस्त कर दिया था, जिसके 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। दूसरे, 11 मई , 1951 को स्वतंत्र भारत में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 75 वर्ष हो गए हैं। वर्तमान राजनीति एवं अन्य बौद्धिक क्षेत्र में इसे जैसे भी देखा जाए अगर स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल, विद्वान और नेता कन्हैयालाल मानणक लाल मुंशी सहित अनेक महापुरुषों ने इसके पुनर्निर्माण किया तो निश्चय ही इसके पीछे गंभीर विमर्श और चिंतन था। सोमनाथ का उल्लेख द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्र में सबसे पहले आता है- ₹सौराष्ट्रे सोमनाथं च₹।? इसका अर्थ है कि सोमनाथ को प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में सर्वोच्च स्थान दिया गया है। सोमनाथ पहला ऐसा ज्योतिर्लिंग है जो तीन नदियों हिरण, कपिला और सरस्वती के संगम पर स्थित है। इस त्रिवेणी संगम पर स्नान करने का अपना अलग महत्व है। मंदिर परिसर के बाणस्तंभ पर संस्कृत (आसमुद्रांत दक्षिण ध्रुव पर्यंत अबाधित ज्योतिरमार्ग) और दूसरी तरफ इंग्लिश में एक अभिलेख है। इसमें लिखा है- इस बिंदु से दक्षिण ध्रुव तक सीधी रेखा में कोई अवरोध नहीं है। यह वही स्थान माना जाता है जहां भगवान कृष्ण ने अपना शरीर त्याग कर वैकुंठ गमन किया था।

सोमनाथः द श्राइन इटरनल पुस्तक में केएम मुंशी ने लिखा है कि गजनवी ने 18 अक्टूबर, 1025 को सोमनाथ की ओर बढ़ना शुरू किया और लगभग 80 दिन बाद, 6 जनवरी 1026 को किलेबंद मंदिर शहर पर हमला कर दिया।?? सोमनाथ मंदिर में लूट और विध्वंस की घटना 8 जनवरी, 1026 की है। अनेक लोगों ने प्रश्न उठाया कि आखिर विध्वंस का उत्सव कैसे मनाया जा सकता है? प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ का इतिहास विनाश का नहीं, बल्कि विजय और पुनर्निर्माण का इतिहास है। आक्रांता आते रहे, लेकिन हर युग में सोमनाथ फिर से खड़ा हुआ। इतना धैर्य, संघर्ष और पुनर्निर्माण का उदाहरण दुनिया के इतिहास में दुर्लभ है। उनका यह वक्तव्य सबसे ज्यादा बहस का विषय बना है कि सोमनाथ को तोड़ने वाले आक्रांता आज इतिहास के पन्नों में सिमट गए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से देश में आज भी ऐसी ताकतें मौजूद हैं, जो मंदिरों के पुनर्निर्माण का विरोध करती रही हैं। इसे राजनीतिक वक्तव्य मान सकते हैं। किंतु सोमनाथ के इतिहास को बार-बार विकृत करने की कोशिश हुई। कुछ का मानना है कि सोमनाथ सात बार लूटा गया जबकि कुछ 17 आक्रमण की बात करते हैं। सबसे पहला आक्रमण मोहम्मद बिन कासिम के सूबेदार जुनैद ने किया था और अंतिम हमला औरंगजेब द्वारा। यानी 980 ई से लेकर 1702 तक सोमनाथ पर लगातार हमला होता रहा तो इसके पीछे केवल धन लूटना कारण नहीं हो सकता इस पर 1299 में अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति ने, 1394 में मुजफ़्फ़र खान ने और 1459 में ,महमूद बेगड़ा ने हमला किया था।? इसके बावजूद मंदिर रहा। वऔरंगजेब ने 1669 में इसे गिराने का आदेश दिया तथा 1702 में इतना तोड़ दिया गया कि मरम्मत नहीं हो सकी और 1706 में इसे मस्जिद में बदल दिया गया। क्या इसे आप लूट का इतिहास कहेंगे ? नहीं तो इतिहासकारों ने सच्चाई का दमन क्यों किया?

रानी अहिल्याबाई होल्कर ने द्वादश ज्योतिर्लिंगों में महत्वपूर्ण सोमनाथ की महत्ता को पहचानते हुए 1783 में पास में एक नया मंदिर बनवाया तथा विधिपूर्वक शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराई। उनकी सोच थी कि जब वास्तविक जगह पर मंदिर बनेगा तो बनेगा किंतु द्वादश ज्योतिर्लिंगों की यात्रा में जाने वाले मस्जिद के पास से लौट जाएं यह अच्छा नहीं होगा , इसलिए वहां एक भव्य मंदिर होना चाहिए। स्वतंत्रता के बाद पिछले लगभग 1000 वर्ष के काल में ध्वस्त प्रेरणा, चेतना और भारत की अंतःशक्ति के केन्द्रों के पुनरुद्धार की बात उठी और इनमें सबसे पहला स्थान सोमनाथ का ही था। सरदार पटेल 12 नवंबर ,1947 को जूनागढ़ गएऔर सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का आदेश दिया। मंदिर के निर्माण और धन की व्यवस्था के लिए सोमनाध ट्रस्ट की स्थापना की गई।? 15 दिसंबर ,1950 को सरदार पटेल का निधन हो गया तो मंदिर का दायित्व के एम मुंशी को दी गई। राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद यजमान बने, 1950 में आधारशिला रखी गई और 5 - 6 महीने में पहले चरण का काम पूरा हो गया। जनता द्वारा चंदे से लगभग 25 लाख रुपए इकट्ठे हुए थे। 11 मई ,1951 को राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने प्राण प्रतिष्ठा की। वैसे मंदिर संपूर्ण रूप में बनकर 1955 में तैयार हुआ।

यहां इनमें विस्तार से जाना संभव नहीं है। किंतु पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल , केएम मुंशी, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद एवं अन्य नेताओं के बीच संबंधित पत्र व्यवहार देखेंगे तथा सार्वजनिक वक्तव्यों पर नजर दौड़ाएंगे तो पता चल जाएगा कि इसका कितना विरोध हुआ।

## तहसील के भूत और

शहर के उस 'घपला गंज' इलाके में, जहाँ गणतंत्र की जड़ें उतनी ही गहरी थीं जितनी कि सरकारी सड़क पर पड़ा हुआ गड्ढा, मुंशीराम 'मक्खन' गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगे की रस्सी सुलझाने में ऐसे उलझे थे जैसे कोई नया दामाद ससुराल की मर्यादाओं में उलझता है। मुंशीराम, जिनका पेशा ही व्यवस्था की मलाई चाटना था, इस बार 'अमृत काल' के उत्साह में इतने डूबे थे कि उन्होंने खंभे पर पेंट करवाने के लिए उस पेंटर को बुलाया था जो चुनाव में विपक्षी पार्टियों के कालिख पोतने का विशेषज्ञ था। मुंशीराम ने चश्मा नाक पर टिकाते हुए कहा, ₹देख भाई, कल झंडा फहराते वक्त अगर रस्सी अटकी, तो समझ लेना कि तुम्हारी देशभक्ति पर 'जीएसटी' लग जाएगा। संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं, पर झंडा फहराने का अधिकार केवल उसे है जिसकी फाइल मेज के ऊपर से चलती है।₹ तभी वहां धर्मवीर 'धीठ' हाथ में हुक्का लिए प्रकट हुए। धर्मवीर ने आते ही झंडे के खंभे को लात मारते हुए उसकी मजबूती जांची, जैसे कोई डॉक्टर मरीज की नब्ज नहीं, बल्कि उसकी जेब की गहराई जांचता है। ₹अरे मुंशी! तू यो झंडा फहरावेगा या प्रजातंत्र का कबाड़ा करेगा? यो खंभा तो कति ऐसा डगमगा रहा है जैसे अविश्वास प्रस्ताव के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी। झंडा तो तू फहरा देगा, पर यो जो संविधान की किताब तूने मंच पै सजा रखी है, इसका क्या करेगा? इसे तो तूने पिछली बार टेंट वाले का हिसाब लिखने के लिए इस्तेमाल किया था। भाई, गणतंत्र दिवस तो केवल उन खातिर है जिनकी कोठियां ऊंची हैं, हम जैसे तो बस नीचे खड़े होकर बूंदी के लड्डू की आस में 'भारत माता की जय' बोलते रह जावें हैं। मुंशीराम ने एक गहरी सांस ली, जो देशभक्ति से कम और सरकारी बजट की चिंता से ज्यादा भरी थी, और बोले, ₹धीठ भाई, ये उत्सव है, इसे तर्क की कसौटी पर मत कसो। यहाँ तो वो भी 'जन-गण-मन' गाता है जिसे 'जन' से नफरत और 'गण' से परहेज है। ठाकुर गजेंद्र सिंह 'घसीटा' ने जब मंच संभाला, तो उनके गले की खराश भी किसी राजकीय घोषणा जैसी सुनाई दे रही थी। उन्होंने चश्मा चढ़ाया और उस कागज को खोला जिस पर 'आजादी के मायने' लिखे थे, हालांकि वह कागज किसी पुरानी फाइल का पिछला हिस्सा लग रहा था जिस पर अभी भी 'बेदखली' के आदेश की गवाही बाकी थी। ठाकुर साहब बोले, भाइयों, आज हमारा देश स्वतंत्र है, हर नागरिक राजा है!

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 28 जनवरी 2026 बुधवार
सूर्योदय - 07:12 सूर्यास्त 18:07
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - दसमी 16:36 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - कृतिका 09:27 उपरांत रोहिणी
योग - ब्रह्म 23:54 उपरांत ऐन्द्र
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृषभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 08 तारिख

**मेष-** धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं।

**वृषभ-** कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**मिथुन-** धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**कर्क-** परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह-** व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। संतान पर ध्यान दें। जल्दबाजी व भागदौड़ से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं।

**कन्या-** पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें।

**तुला-** फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें। पराक्रम दिखलाने का अवसर है।

**वृश्चिक-** नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। अनावश्यक विवाद होगा।

**धनु-** जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी।

**मकर-** पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। योजना फलीभूत होगी।

**कुंभ-** लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**मीन-** राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रुभय रहेगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

# पश्चिमी एकाधिकार को चुनौती देता भारतीय

पिछले कई दशकों से वैश्विक मंच पर राष्ट्रों के मूल्यांकन, रैंकिंग और प्रतिष्ठा को तय करने का अधिकार कुछ चुनिंदा पश्चिमी संस्थाओं के हाथों में सिमटा रहा है। वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स, प्रेस फ्रीडम इंडेक्स, डेमोक्रेसी इंडेक्स जैसे अनेक सूचकांकों के माध्यम से यह तय किया जाता रहा कि कौन सा देश लोकतांत्रिक है, कौन स्वतंत्र है, कौन खुश है और कौन जिम्मेदार। इन सूचियों में अक्सर भारत जैसे प्राचीन सभ्यतागत राष्ट्र को पीछे और अनेक विरोधाभासी उदाहरणों को आगे दिखाया जाता रहा।



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

यह केवल सांख्यिकीय विसंगति नहीं थी, बल्कि एक वैचारिक पूर्वाग्रह भी था। दुर्भाग्यवश, भारत के भीतर भी एक ऐसा वर्ग रहा है जो इन रिपोर्टों को अंतिम सत्य मानकर देश की छवि को कमजोर करने का माध्यम बनाता रहा। ऐसे समय में भारत द्वारा रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स की शुरूआत एक ऐतिहासिक और वैचारिक हस्तक्षेप के रूप में सामने आती है। शक्ति से आगे जिम्मेदारी का प्रश्न :अब तक वैश्विक रेटिंग्स मुख्यतः तीन आधारों पर केंद्रित रही हैं– किसी देश की आर्थिक समृद्धि , उसकी सैन्य और तकनीकी शक्ति, उसकी विकास दर और उपभोग क्षमता

लेकिन एक मौलिक और गहन प्रश्न उठाता है–क्या कोई देश अपनी शक्ति का प्रयोग जिम्मेदारी से कर रहा है? क्या उसकी समृद्धि वैश्विक शांति, पर्यावरणीय संतुलन और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ कर रही है, या केवल संसाधनों के दोहन और असमानता को बढ़ावा दे रही है? यह वही प्रश्न है जिसे भारत सदियों से अपने दर्शन में केंद्र में रखता आया है–सर्वे भवन्तु सुखिनः। भारत की दृष्टि में राष्ट्र की महानता केवल उसकी ताकत से नहीं, बल्कि उसके आचरण से तय होती है।

**तीन वर्षों का शोध, भारतीय विवेक :** रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स कोई भावनात्मक या तात्कालिक पहल नहीं है। इसे वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन ने दिल्ली की जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी और मुंबई के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से लगभग तीन वर्षों के गहन शोध के बाद तैयार किया है।

इस इंडेक्स में वर्ल्ड बैंक, संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के 2023 तक के उपलब्ध आंकड़ों का उपयोग किया गया है। अंतर यह है कि इन आंकड़ों को पश्चिमी राजनीतिक चश्मे से नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यतागत विवेक से परखा गया है।

**पश्चिमी सूचकों का पाखंड :** जब वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स में पाकिस्तान को भारत से अधिक खुशहाल बताया जाता है, या प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में बांग्लादेश को भारत से ऊपर स्थान दिया जाता है, तब स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठता है कि इन सूचकों के मानदंड कितने यथार्थवादी और निष्पक्ष हैं। क्या ये सूचक वास्तव में जमीनी सच्चाइयों को प्रतिबिंबित करते हैं या किसी विशेष वैचारिक एजेंडे से प्रेरित हैं? ऐसे ही प्रश्नों का उत्तर है। यह किसी देश को कमतर या श्रेष्ठ साबित करने का उपकरण नहीं, बल्कि वैश्विक जिम्मेदारी को मापने का एक वैकल्पिक ढांचा है।

भारत : मूल्यांकन का विषय नहीं, मूल्यांकनकर्ता- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा इस इंडेक्स का विमोचन इस बात का संकेत है कि भारत अब केवल वैश्विक रेटिंग्स का उपभोक्ता नहीं रहा। भारत उस चरण में प्रवेश कर चुका है जहां वह स्वयं वैश्विक विमर्श की दिशा तय

# पवित्र मेलेः समरसता के आलोक में मंडराती परछाइयाँ

भारतीय समाज में पवित्र मेले, तीर्थ और पर्व किसी एक आस्था-पंथ के आयोजन नहीं होते हैं; वे उस सामूहिक चेतना के क्षण होते हैं जब समाज अपने भीतर की दरारों को भर लेता है। वहाँ न कोई ऊँचा होता है, न नीचा - सब केवल यात्री होते हैं। यही कारण है कि इन आयोजनों में समरसता जीवंत अनुभव बनकर प्रवाहित रहती है। जाति, वर्ग, पद और प्रतिष्ठा - सब उस ताप में वाष्पित हो जाते हैं, जिसे साझा श्रद्धा और मानवीय निकटता जन्म देती है। ये आयोजन ईश्वर प्राप्ति के साधन नहीं होते हैं, ये मनुष्य को मनुष्य से जोड़ने की प्रक्रियाएँ हैं। पर जब इन्हीं समरसता के केंद्रों पर विघ्न उपस्थित किया जाता है, तो यह केवल किसी एक आयोजन का व्यवधान नहीं होता - यह समाज की सांस्कृतिक धुरी पर आघात होता है। प्रश्न यह नहीं कि विघ्न किसने किया, प्रश्न यह है कि क्यों किया गया। क्योंकि जहाँ समाज एक हो रहा हो, वहाँ विभाजन का प्रयास कभी आकस्मिक नहीं होता।



सरिता सुराना
(दैनिक अवन्तिका)

सनातन परंपरा में संन्यास का अर्थ है - महत्वाकांक्षा का विसर्जन। संन्यासी वह है जो पद नहीं खोजता, पद जिसके पास स्वयं चला आता है। शंकराचार्य जैसे पद सत्ता की सीढ़ी नहीं, बल्कि साधना की परिणति रहे हैं। वे अधिकार नहीं, उत्तरदायित्व हैं; वे प्रतिष्ठा नहीं, वे धर्म, नैतिकता और परंपरा के ध्वज वाहक हैं।

यहाँ यह स्पष्ट होना चाहिए कि साधुवेश स्वयं में पवित्र नहीं होता; पवित्र होता है वह विवेक, जो उस वेश को धारण करता है। इतिहास गवाह है कि जब-जब धर्म सत्ता का साधन बना है, तब-तब सबसे अधिक क्षति धर्म को ही हुई है। संन्यास जब मंच बन जाता है, साधना जब प्रदर्शन में बदल जाती है और मौन जब अहंकार से आच्छादित हो जाता है - तब समझ लेना चाहिए कि वहाँ आध्यात्मिकता नहीं, महत्वाकांक्षा बोल रही है।

ऐसे व्यवधानों को केवल व्यक्तिगत विचलन कहकर टाल देना एक खतरनाक सरलीकरण होगा क्योंकि समय बताता है कि सांस्कृतिक एकता के केंद्र आज उन शक्तियों के निशाने पर हैं, जिन्हें समाज का एक साथ आना स्वीकार्य नहीं है। समरसता सबसे बड़ा खतरा होती है - उनके लिए, जो समाज को पहचान के खाँचों में बाँटकर ही अपनी राजनीति रचते हैं।

यह कोई संयोग नहीं कि विघटन हमेशा वहीं सक्रिय होता है, जहाँ समरसता सबसे सघन होती है। मेले, कुंभ, तीर्थ - ये केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समतलीकरण के साधन हैं। यहाँ राजा और रंक एक ही पंक्ति में खड़े होते हैं। यही दृश्य उन ताकतों को असहज कर देता है, जो ऊँच-नीच, श्रेष्ठता और वर्चस्व के सहारे ही जीवित रहती हैं।

इसलिए यह कहना अनुचित नहीं कि ऐसे विघ्न सुनियोजित भी हो सकते हैं - राजनीतिक रूप से, वैचारिक रूप से, या सांस्कृतिक रूप से। राष्ट्रविरोधी शक्तियों के लिए सबसे आसान लक्ष्य वही होता है, जहाँ समाज अपनी एकता में निश्चिंत होता है। वहाँ दरार डालना अपेक्षाकृत सरल होता है।

यहाँ समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती है - वेश और विचार में अंतर करने की। साधु का वस्त्र देख कर श्रद्धा देना आसान है; साधु का विवेक पहचानना कठिन। पर यदि समाज यह कठिन कार्य नहीं करेगा, तो परंपरा का दुरुपयोग परंपरा के नाम पर ही होता रहेगा।

धर्म का मूल स्वर करुणा है, विभाजन नहीं।

संन्यास का मूल स्वर त्याग है, प्रतियोगिता नहीं। आध्यात्मिकता का मूल स्वर विनम्र मौन है, वाचाल अहंकार नहीं।

धर्म-आस्था

# गोत्र : अंधविश्वास नहीं, बल्कि आध्यात्मिक पहचान

कोई अनुष्ठान नहीं। कोई अंधविश्वास नहीं। यह आपका प्राचीन कोड है। ऐसा कोड, जिसे हमने हजारों वर्षों तक संभाल कर रखा और पिछले सौ वर्षों में लापरवाही से भुला दिया। आज स्थिति यह है कि अधिकांश लोग अपना नाम, उपनाम, जन्मतिथि, यहाँ तक कि मोबाइल का गुप्तांक तो याद रखते हैं, पर यह नहीं जानते कि उनका गोत्र क्या है। और यह अज्ञान कोई साधारण भूल नहीं, बल्कि अपनी आध्यात्मिक पहचान से कट जाने का संकेत है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

गोत्र कोई उपनाम नहीं है। यह कोई सामाजिक लेबल नहीं, न ही जाति का पर्याय है। गोत्र वह आध्यात्मिक सूत्र है, जो व्यक्ति को किसी महान ऋषि की चेतना से जोड़ता है। रक्त से नहीं, विचार से। शरीर से नहीं, बुद्धि और ऊर्जा से। प्रत्येक हिंदू आध्यात्मिक रूप से किसी न किसी ऋषि से जुड़ा है। वही ऋषि उसका बौद्धिक पूर्वज है। उसकी सोच, उसकी साधना, उसकी दृष्टि और उसकी आंतरिक आवृत्ति पीढ़ियों से प्रवाहित होकर आज भी हमारे भीतर जीवित है।

आज गोत्र को जाति से जोड़कर देखने की भूल की जाती है। यह ऐतिहासिक अज्ञान है। गोत्र जाति से पहले था, उपनामों से पहले था, राज्यों और सीमाओं से भी पहले था। यह पहचान की सबसे प्राचीन व्यवस्था थी, जो शक्ति पर नहीं, ज्ञान पर आधारित थी। ऋषियों ने अपने शिष्यों को गोत्र दिया, न कि जन्म के आधार पर, बल्कि ज्ञान और साधना के आधार पर। गोत्र अर्जित किया जाता था, थोपा नहीं जाता था।

प्रत्येक गोत्र किसी महान ऋषि से उत्पन्न हुआ। वशिष्ठ, भारद्वाज, कश्यप, अत्रि, गौतम, जमदग्नि जैसे ऋषि केवल तपस्वी नहीं थे, वे खगोलशास्त्री थे, चिकित्सक थे, नीति-निर्माता थे, योद्धाओं के गुरु थे और समाज के वैज्ञानिक थे। कुल मिलाकर उनचास प्रमुख गोत्र माने जाते हैं, और प्रत्येक के पीछे एक विशिष्ट ज्ञान-परंपरा है। बुजुर्ग समान गोत्र में विवाह को क्यों रोकते थे, इसे आज पिछड़ापन कह दिया जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि गोत्र प्रणाली प्राचीन भारत की आनुवंशिक समझ थी। गोत्र पुरुष वंश से चलता है, इसलिए समान गोत्र का अर्थ होता है एक ही ऋषि-वंश, एक ही आनुवंशिक धारा। यह व्यवस्था मानसिक और शारीरिक दोषों से संतति की रक्षा के लिए थी। जिसे आज का विज्ञान आनुवंशिकी कहता है, उसे भारत ने सहस्त्रों वर्ष पहले व्यवहार में उतार दिया था।

गोत्र केवल वंश नहीं, यह मानसिक संरचना भी है। कुछ लोग जन्म से विचारक होते हैं, कुछ साधक, कुछ नेतृत्वकर्ता, कुछ शांत स्वभाव के, कुछ न्यायप्रिय। यह संयोग नहीं। आपके भीतर प्रवाहित हो रही ऋषि-चेतना आपकी स्वाभाविक प्रवृत्तियों को आकार देती है। योद्धा ऋषि का गोत्र साहस देता है, वैद्य ऋषि का गोत्र उपचार की ओर खींचता है, ध्यानशील ऋषि का गोत्र साधना की ओर ले जाता है।

इसी कारण प्राचीन गुरुकुलों में शिक्षा समान नहीं होती थी। गुरु सबसे पहले पूछता था – तुम्हारा गोत्र क्या है। क्योंकि इससे यह समझ में आता था कि शिष्य कैसे सीखता है, किस विद्या में उसकी रुचि स्वाभाविक होगी, कौन सा मंत्र उसके लिए प्रभावी होगा। गोत्र शिक्षा का मार्गदर्शक था, बाधा नहीं।

फिर विदेशी शासन आया। उन्होंने इस व्यवस्था को समझे बिना इसका उपहास किया। इसे अंधविश्वास कहा गया। धीरे-धीरे लोकप्रिय संस्कृति ने भी इसे मजाक बना दिया। परिणाम यह हुआ कि हमने अपने बुजुर्गों से पूछना छोड़ दिया, बच्चों को बताना छोड़ दिया। दस हजार वर्ष पुरानी परंपरा सौ वर्षों में विस्मृति के कगार पर पहुँच गई। किसी ने इसे छीना नहीं, हमने स्वयं छोड़ दिया। जिसे अपना गोत्र नहीं पता, उसने अपनी आध्यात्मिक दिशा का नक्शा खो दिया है। गोत्र वह आंतरिक मार्गदर्शक है, जो सही मंत्र, सही साधना, सही जीवन-पथ और सही वैवाहिक संगति तक ले जाता है। इसके बिना हम अपने ही धर्म में भटकते हुए चल रहे हैं।

जब पूजा में गोत्र उच्चारित किया जाता है, तो वह औपचारिकता नहीं होती। वह अपने ऋषि-वंश को स्मरण कर आमंत्रित करना होता है। यह कहना होता है कि मैं अपनी आध्यात्मिक जड़ों के साथ खड़ा होकर ईश्वरीय सहायता चाहता हूँ। यह परंपरा सुंदर है, पवित्र है और गहरी है। यह भी भ्रांति है कि विवाह के बाद महिला का गोत्र समाप्त हो जाता है। महिला अपना गोत्र

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2200-2990 चना काबली- 5191-8391, चना बड़ा- 46811-5530, बटला- 2812, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 2631-5841, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,62,200, रवा- 1,62,000 चांदी- टंच- 3,25,500 पाट- 3,25,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

**इंगोरिया।** सेक्टर क्रमांक 1 इंगोरिया के ग्राम किलोली के शासकीय स्कूल मेदान मे नशामुक्ति पर्यावरण संरक्षण का संदेश दीया और जागरूकता रेली निकालकर सभी को जागरूक किया ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था हस्तिनापुर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति किलोली के द्वारा विकासखंड समन्वयक श्रीमती रेणुका श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में सरकार की 2 वर्ष की गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी के साथ जनजागरूकता तथा सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया। यह अभियान 12 जनवरी से 26 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। योजनाओं कि चर्चा की साथ ही नशामुक्ति कि बात कि व कहा, कि नशा समाज कि प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। नशे से व्यक्ति का स्वास्थ्य, परिवार की खुशहाली और सामाजिक वातावरण सभी प्रभावित होते हैं जिसमें सभी ग्रामीणजन समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## मन की बात में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस के बारे में बात की



**मक्सी।** 25 जनवरी 2026 को 'मन की बात' का 130वां एपिसोड प्रसारित हुआ। इसमें प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस के बारे में बात की। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला तहसील प्रभारी पवन केरवाल भाजपा कार्यकर्ता जीवन केरवाल, राहुल केरवाल, जितेंद्र लोधी, अमन केरवाल, विकास केरवाल, भारत लोधी,विष्णु केरवाल,अनिल लोधी, लखन लोधी, भूपेंद केरवाल, चिंटू लोधी एवं समस्त कार्यकर्ताओं के साथ मोदी की मन की बात सुनी।

## सर्व सेन समाज संगठन ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाकर दी श्रद्धांजलि



**गुना।** जननायक, भारत रत्न स्व. कपूरी ठाकुर की जयंती के पावन अवसर पर सर्व सेन समाज संगठन, जिला गुना सहित तमाम समाजसेवियों द्वारा स्थानीय भुल्लनपुरा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं गणमान्य बंधुओं की उपस्थिति में कपूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रवीण सेन बरखेड़ा गिर्द ने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। वे सच्चे अर्थों में गरीबों, पिछड़ों और शोषितों की आवाज थे। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम के अंत में सतेंद्र सेन नगर अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों एवं साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कपूरी ठाकुर के आदर्शों पर चलकर ही एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। सभी उपस्थितजनों ने उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संतोष सेन वरिष्ठ समाजसेवी, नरेंद्र सेन झगर, प्रवीण सेन युवा समाज सेवी, बलवीर सेन जिला अध्यक्ष, भरत सेन कार्यकारी जिला अध्यक्ष, सतेंद्र सेन नगर अध्यक्ष, भगवान सिंह सेन ग्रामीण जिला अध्यक्ष, मोनू सेन युवा जिला अध्यक्ष, मुकेश सेन वरिष्ठ समाजसेवी, हेमंत सेन पिपरौदा, दिलीप सेन एवं प्रवीण सेन बरखेड़ा गिर्द युवा समाजसेवी सहित समाज के अनेक गणमान्य बंधु उपस्थित रहे।

## श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ में धूमधाम से मनाया स्पोर्ट्स मीट



**खाचरोद।** श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ खाचरोद में आज एक दिवसीय स्पोर्ट्स मीट अभिव्यक्ति का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मैनेजमेंट कमेटी के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। विद्यालय का कार्यक्रम मार्च पास्ट और झंडा वंदन के साथ शुरू हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। और सभी दलों के बच्चों ने मार्च पास्ट कर स्कूल के ध्वज की सलामी ली। इसके बाद ओलंपिक लौ जलाई गई, जिसे राज्य के चैंपियंस ने एक-दूसरे को पास कराते हुए जलाया। विद्यालय में विभिन्न प्रकार की रेस, शॉर्टकट वॉलीबॉल मैच, खो-खो आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में मुख्य अतिथि के रूप में इंटरनेशनल जैन सोशल ग्रुप के डायरेक्टर हेमंत जैन एवं जैन सोशल ग्रुप के प्रेसिडेंट जितेंद्र भटेवरा उपस्थित रहे। ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफि जयंतसेन सूरी हाउस ने जीती और उपविजेता राजेंद्र सूरी हाउस के बच्चे रहे, स्पोर्ट मीट के मार्च पास्ट की ट्रॉफि राजेंद्र सूरी हाउस ने जीती। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वीना कुन्दी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करने की प्रेरणा दी।

# गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर








गणतंत्र दिवस समारोह में गत सत्र बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का शिल्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। यहां सम्मान शासकीय कन्या हाईस्कूल प्राचार्य बीपी पाटीदार की स्वर्गीय माताजी लक्ष्मी देवी पाटीदार की पुण्य स्मृति में व ग्राम पंचायत सरपंच सुभाषचंद्र पाटीदार सचिव पुखराज नागर द्वारा प्रतिभा सम्मान पत्र शिल्ड भेंटकर दिया गया। कक्षा 5वी से 12 वी बोर्ड परीक्षा में प्रथम 13 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाडल्यामाता की छात्रा संतोष नागर कक्षा 12वीं 91.8% मोहित विश्वकर्मा कक्षा 10वी 81.4% शा.कन्या हाईस्कूल से रिया नायक कक्षा10वी 93.4 % स्प्रिचुअल विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल से छात्रा सलोनी पालीवाल कक्षा 12वीं 92.8% व शिवम नागर कक्षा 10वी 91.2% एन जी एल पब्लिक हाईस्कूल से अनुज चौहान कक्षा 10वी 93.5% तिलक मेमोरियल हाईस्कूल से शिवानी विश्वकर्मा कक्षा 10वी 90% शा.क.मा.वि.से सलोनी सूर्यवंशी कक्षा 8वी 80% स.शि.मं से अंजना पाल कक्षा 8वी 80% एस डीपी एकेडमी से दीपक मालवीय कक्षा 8वी 76%शा.बा.मा.वि.से विकास अहिरवार कक्षा 8वी 84% शा. प्रा. वि. नयापुरा से सूरज परमार कक्षा 5वी 66% शा.प्रा.वि.रावणबल्डी से जैनब पठान कक्षा 5वी 74%अंक प्राप्त करने पर सम्मानित कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान गांव के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक समस्त विद्यालयों के प्राचार्य शिक्षक शिक्षिका व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पाडल्यामाता में हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया गया

कडकडाती ठंड में भी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विद्यार्थियों में खासा उत्साह रहा। कन्या हाईस्कूल से सामूहिक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सुबह सवेरे नन्हे मुन्हें विद्यार्थी हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय जयकार करते हुए राष्ट्रीय गीतों को गुनगुनाते हुए गांव के प्रमुख मार्गों से निकले। विद्यार्थियों का विभिन्ना सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शासकीय कन्या हाईस्कूल पाडल्यामाता में सामूहिक गणतंत्र दिवस पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सरपंच सुभाषचंद्र पाटीदार व संकुल प्राचार्य पीसी रावतिया द्वारा झंडा फहराया गया। ठंड की ठिठुरन में भी विद्यार्थियों का उत्साह नहीं डगमगाया। समारोह में सभी शासकीय व आशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। प्रत्येक स्कूल के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में मेरिट में आने पर मुख्य अतिथियों द्वारा मंच से शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अनेकों अनेक जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक व पंचायत सचिव पुखराज नागर, रोजगार सहायक रामदयाल कारपेंटर उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत पाडल्यामाता में सरपंच सुभाषचंद्र पाटीदार द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाडल्यामाता में संकुल प्राचार्य पीसी रावतिया द्वारा कन्या हाईस्कूल में प्राचार्य बीपी पाटीदार द्वारा एकीकृत कन्या माध्यमिक विद्यालय पाडल्यामाता प्रधानाध्यापक मनोहरलाल भिलाला द्वारा एनजीएल पब्लिक हाईस्कूल में डायरेक्टर मोहनलाल विश्वकर्मा द्वारा तिलक मेमोरियल हाईस्कूल में प्राचार्य सीमा सीएल चौहान, डायरेक्टर आयुष चौहान द्वारा स्प्रिचुअल विवेकानंद हायर सेकेंडरी विद्यालय में अतिथि महेश जैन, डायरेक्टर मोहन सिंह नागर द्वारा बालक छात्रावास में अधिक्षक राधेश्याम मेहर द्वारा काचरियाभाई छात्रावास में अधिक्षक कैलाश चौहान द्वारा झंडा फहराकर हर्षोल्लास पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राधेश्याम भिलाला द्वारा किया गया। अंत में आभार संकुल प्राचार्य रावतिया ने माना।

### मास्टरमाइंड स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

26 जनवरी को मास्टरमाइंड स्कूल सारंगपुर में 77 वाँ गणतंत्र दिवस बडे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे उपस्थित रही। जबकि विद्यालय प्राचार्य रंजना सक्सेना, डायरेक्टर किशोर सिंह पाटीदार और वरिष्ठ शिक्षिका श्वेता जोशी ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सम्मानित किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रीय ध्वज की शान को सलाम किया। इसके बाद, इसके बाद संविधान सभा के अध्यक्ष एवं देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद तथा संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की महत्ता और भारतीय संविधान के महत्व के बारे में प्रेरणादायक विचार दिए।

### जीरापुर

नगर जीरापुर में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, अनुशासन और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। सूर्योदय के साथ ही नगर में राष्ट्रप्रेम की लहर दिखाई देने लगी। विभिन्न वार्डों व मोहल्लों से सुसज्जित व अनुशासित रूप में प्रभात फेरियां निकाली गईं, जिनमें स्कूली बच्चों ने ‘भारत माता की जय’ के जयघोष लगाते हुए राष्ट्रीय पर्व के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के समस्त शासकीय कार्यालयों में प्रोटोकॉल के अनुसार ध्वजारोहण किया गया। नगर परिषद कार्यालय में नगर अध्यक्ष श्रीमती अनुसुईया पवन कुशवाहा द्वारा तिरंगा फहराया गया। इसके पश्चात नगर परिषद सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष द्वारा नगर परिषद के अब तक किए गए विकास कार्यों एवं भविष्य में प्रस्तावित कार्यों की रूपरेखा को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पार्षदगण, अधिकारीगण एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूरी बाई कालू सिंह तोमर द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत के सीईओ द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश जनता के नाम पढ़कर सुनाया गया। मुख्य समारोह में नगर के 24 विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीतों, राष्ट्रगीतों, लोकगीतों एवं देश के वीर जवानों पर आधारित कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

# नगर में निकली कलश यात्रा केशव बस्ती में हिंदू महासम्मेलन सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कानड़



सर्व हिन्दू समाज के आव्हान पर रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन नगर की कैशव बस्ती नवीन बस स्टैंड परिसर में आयोजित किया गया।अतिथियों द्वारा भारत माता एवं श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर हिंदू सम्मेलन की शुरूआत कि गई। इसके पूर्व नगर के बजरंग मोहल्ला से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें मातृशक्ति एवं युवतियां और नगर के गणमान्य नागरिक शामिल थे।कलश यात्रा नगर के राजवाड़ा से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए हिंदू महा सम्मेलन प्रांगण नवीन बस स्टैंड पर कलश यात्रा का समापन हुआ कलश यात्रा का नगर वासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मातृशक्ति और संत प्रबुद्धजनो व वक्ताओं ने हिंदू महासम्मेलन को संबोधित किया। इस हिंदू महा सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति युवतियां महिला एवं छोटे बच्चे भी इस हिंदू महासम्मेलन में शामिल हुए।हिंदू महासम्मेलन के मंचासींन संत व प्रबुद्ध जन ने हिंदू महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू राष्ट्र, समरसता का प्रतीक है व हिंदुओं को एकजुट करने का संदेश दिया, इन्हीं उद्बोधन पर हिंदू महासम्मेलन को विराम दिया गया। संत व प्रबुद्ध जनों द्वारा भारत माता की आरती की गई आरती के पश्चात सभी को सहभोज कराया गया।

## अहमद नागोरी उम्मीद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष निर्वाचित

**महिदपुर।** नगर में विगत 7 वर्षों से निरंतर मानव सेवा के क्षेत्र में कार्यरत उम्मीद वेलफेयर सोसाइटी, महिदपुर की आम बैठक में सर्वसम्मति से श्री वसीम अहमद नागोरी को सोसाइटी का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। उनके अध्यक्ष चुने जाने पर सोसाइटी के सभी सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दी गईं। उल्लेखनीय है कि उम्मीद वेलफेयर सोसाइटी, महिदपुर विगत सात वर्षों से नगर में सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन, गरीब व जरूरतमंद लड़कियों के निकाह में सहयोग, निर्धन परिवारों को राशन वितरण, गरीब बच्चों की शिक्षा हेतु सहायता, कैरियर गाइडेंस तथा मांगलिक आयोजनों में बचा हुआ भोजन एकत्र कर उसे जरूरतमंदों तक पहुँचाने जैसे अनेक जनहितकारी कार्य नियमित रूप से किए जा रहे हैं। सोसाइटी अब तक लगभग 75,000 से अधिक लोगों के भोजन की व्यवस्था जरूरतमंदों तक पहुँचाकर एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड बना चुकी है, वहीं लगभग 100 विद्यार्थियों को कोचिंग के माध्यम से परफेक्ट इंग्लिश स्पोकन कोर्स व 25 से अधिक गरीब लड़कियों के निकाह हेतु आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग प्रदान किया जा चुका है।

## कड़ाके की ठंड में हजारों गायों को खिलाया औषधि युक्त हरिला

### एसडीएम महेश कुमार बमनाह ने भी लिया हिस्सा

**आरोन।** क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस स्थिति में इंसानों के साथ ही पशु भी मौसम की मार झेल रहे हैं। आरोन में गौवंश को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए गौ सेवकों ने अपनी टीम के साथ शहर की सड़कों पर मौजूद गौवंशों को औषधी युक्त हरिला खिला रहे हैं। विगत दिनों भी यही कार्यकम आयोजित किया था लेकिन आज फिर ठंड अधिक होने के चलते हरिला बनाकर खिलाया गया। यह कार्य जनसेवा टीम कई वर्षों से करती आ रहे है। एसडीएम महेश कुमार बमनाह ने कहा कि नगर के गौसेवकों के साथ शनिवार मुझे भी गऊ माता की सेवा में अपना योगदान करने को मिला है और मेरा सभी से आग्रह भी है कि आप लोग भी अपने घरों के बाहर बैठे या घूम रहे पशुओं को ठंड से बचाने के लिए कुछ न कुछ व्यवस्था जरूर करे गौ सेवा परिवार की टीम मूक पशुओं को अलाव जलाकर ठंड से बचाने का प्रयास भी कर रही है।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड/भवन जिसका वर्तमान म्युनिसिपल क्रमांक 83/11/1/1 (पुराना म्युनिसिपल क्रमांक 82/17 व नया म्युनिसिपल क्रमांक 83/11/1) विष्णुपुरा विश्व विद्यालय मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 31.75 वर्गमीटर है। जिस पर वर्तमान में दो मंजिला गार्डर फर्शी की छत का भवन निर्मित हैं। उपरोक्त वर्णित भवन को मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी श्रीमती आशा पांडोले पति स्वर्गीय श्री भगवंतराव पांडोले, निवासी-83/11/1, विष्णुपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर भवनस्वामी को बयाना राशि अदा कर दी हैं, शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना हैं। उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में आपत्ति मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांकः-26/01/2026

**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**दुकान नं. ए-17, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 98272-99159**

## जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरी पक्षकार प्रियंका भारद्वाज पति श्री राम मित्र भारद्वाज निवासी 219/419 EWS इंदिरा नगर आगर रोड उज्जैन (म.प्र.) ने अजय सेनी पिता हरीश सेनी एवं श्रीमती संतोष सेनी पति श्री हरीश सेनी निवासीगण 513, नेहरू नगर इंदौर म.प्र से एक भूखण्ड क्रमांक 47 LIG प्रथम जो कि म.प्र गृह निर्माण मण्डल की योजना अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी उज्जैन म.प्र में स्थित है। जिसको मेरी पक्षकार के द्वारा क्रय किया जा रहा है मेरी पक्षकार के द्वारा उक्त भूखण्ड कि ब्याना को विक्रेतागण अजय सेनी पिता हरीश सेनी एवं श्रीमती संतोष सेनी पति श्री हरीश सेनी को गवाहों के समक्ष अदा कर दी गई है उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 40.50 वर्गमीटर है। उक्त भूखण्ड कि चर्तुःसीमा पूर्व की ओर भूखण्ड क्रमांक 46 LIG प्रथम पश्चिम की ओर 6.00 मीटर रोड की उत्तर की ओर 6.00 मीटर रोड दक्षिण की ओर भवन क्र. 48 LIG प्रथम उक्त भूखण्ड मुख्य मार्ग से अंदर स्थित होकर आवसीय उपयोग का है उक्त भूखण्ड संपूर्ण हवाई हक सहित समस्त सुखाधिकार सहित क्रय किया जा रहा है। उपरोक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, संस्था वित्तीय निकाय बैंक, पेडी समूह, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का ऋण लिया हो अथवा उक्त भूखण्ड का अन्य किसी का स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, भोज, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिन से अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूखण्ड के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचित होवे। इति दिनांक 26.01.2026

**ओमप्रकाश पाठक**
**157, अकंपात मार्ग उज्जैन (म.प्र)**
**मोबाईल : 9302203030,7000431318**

In The Court Of III Additional District Judge, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्री पवन कुमार पटेल**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)** (RCA/0000099/2024)
**ईस्माईल मोहम्मद चौधरी ----- वादी**
**Vs**
**सर्वसाधारण.... प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांकः 26/02/2026**

**प्रेषिती**
**(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण**

यह कि प्रार्थी ईस्माईल मोहम्मद चौधरी पिता ताज मोहम्मद चौधरी, उम्र-56 वर्ष, निवासी 153 आर्य समाज मार्ग उज्जैन की ओर से न्यायालय द्वतीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड उज्जैन, पीठासीन अधिकारी श्री अतुल यादव, के न्यायालय का प्रकरण क्रमांक एम जे सी एस यू सी 03/2018 में पारित आदेश दिनांक 21/03/2024 के विरुद्ध इस न्यायालय के समक्ष एक रेगुलर सिविल अपील अंतर्गत धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

आज तारीख 23 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**(पवन कुमार पटेल)**
**तृतीय जिला न्यायाधीश उज्जैन**
**जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनबाई में लिया जायेगा।

In The Court Of III Civil Judge Class-1, District Court, Ujjain Presiding Officer:
**श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC. SUC/000000-4-2025)
**फातेमा------- आवेदक**
**Vs**
**सर्वसाधारण.... अनावेदक**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांकः 20/02/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रं.1 फातेमा पिता स्वर्गीय सजाद हुसैन, जाति-बोहरा, आयु-51 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, क्र.2 श्रीमती खेरुनिस्सा पति शब्बीर हुसैन कपडावाला पिता स्वर्गीय सज्जाद हुसैन, आयु-50 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, निवासीगण - मकान नंबर 8, गायत्री नगर, आगर रोड उजैन, क्रं.3 श्रीमती अलेफिया पत्नि मुर्तजा अली पुत्री स्वर्गीय सजाद हुसैन, आयु-44 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, निवासी-16, जयप्रकाश मार्ग देवास की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 सक्सेशन एक्ट के अधीन उनके पिता श्री सज्ञाद हुसैन पिता श्री अली हुसैन, निवासी-मकान नंबर 8, गायत्री नगर, आगर रोड उज्जैन का स्वर्गवास दिनांक 08/04/2021 एवं माता श्रीमती फरीदाबाई का स्वर्गवास दिनांक 08/04/2021 को हो चुका है, जो उज्जैन में ही निवासरत थे तथा उनकी संपत्ति भी उज्जैन में ही स्थित है तथा आवेदकगण के पिता श्री सज्जाद हुसैन के द्वारा छोडी गई चल संपत्ति इण्डियन ओवरसीज बैंक डाबरी पीठा नई सडक शाखा उज्जैन में चालु खाता क्रमांक 068002000001071 है जिसमें 188168/- एवं श्री सज्जाद हुसैन एवं श्रीमती फरीदाबाई का बचत खाता क्रमांक 068001000004367 में रुपये 128434.94/- जमा है व बाद का ब्याज बकाया है तथा स्व. श्री सज्जाद हुसैन के नाम से इण्डियन ओवरसीज बैंक, डाबरी पीठा उज्जैन शाखा में एक लॉकर क्रमांक 26 तथा उक्त खातों में जमा राशि आवेदक क्र.2 श्रीमती खेरुनिस्सा मृतक की पुत्री होकर स्वर्गीय श्री सज्जाद हुसैन की उत्तराधिकारी होने के नाते प्राप्त करने एवं आवेदकगण की ओर से आवेदक क्रमांक 2 श्रीमती खेरुनिस्सा को लॉकर क्रमांक 26 को आपरेट करने की अधिकारी रहेगी का आदेश प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है। मृतकगण की आवेदकगण पुत्रिया है तथा उनका कोई पुत्र नहीं है। मृतकगण द्वारा अपनी संपत्ति के संबंध में कोई वसीयत संपादित नहीं की गई है इसलिए आवेदकगण अपने माता-पिता के मकान नंबर 8, गायत्री नगर, आगर रोड उज्जैन के प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी है अन्य कोई निकट के रिश्तेदार में नहीं है। आवेदकगण की ओर से आवेदक क्रं.2 को मृतकगण की उक्त बैंक में जमा राशि व ब्याज प्राप्त करने एवं आवेदकगण की ओर से आवेदक क्रं.2 को लॉकर क्रमांक 26 को आपरेट करने की अधिकारी रहेगी ऐसा आदेश प्रदान किये जाने हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 20 फरवरी 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 20 फरवरी 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 23 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।


**श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश खण्ड**
**1 जिला न्यायालय उज्जैन**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनबाई में लिया जायेगा।

OMAXE
Turning dreams into reality

77TH
REPUBLIC DAY SPECIAL

OMAXE प्रथम



# OMAXE PRATHAM

77TH REPUBLIC DAY | 77 GIFTS ON PLOT BOOKING*

strategic location | future growth | high value

Limited Period Offer | T&C Apply*




38 YEARS OF TRUST
8 STATES | 31 CITIES

RERA NO. P-IND-24-5105

**Indore Zonal Office:** FF-58, Orbit Mall, A.B. Road, Indore (M.P.)
**Ujjain Regional Office:** 2nd Floor, Shivansh Business Park, Opposite Ashrey Hotel, Dewas Road, Freeganj Ujjain (M.P.)
**Ratlam Regional Office**: Plot No. 25/3 (Fakhry Heights), 1st Floor, Mhow Road, Ratlam (M.P.)

8302 222 333 | WWW.OMAXE.COM

**Disclaimer.** This advertising material or information hereof on this project or any product (unit) of the company is solely for informational purposes and the viewer has not relied on this information for making any booking/purchase any plot of the Company and fully understands and agrees that the information(s) the project/projects (unit) may undergo such changes or updates as may be required. Accordingly, all this shall not constitute as advertising, marketing, booking, selling or an offer for sale or invitation to purchase a unit in any project by the Company. The Company or any officer shall not be liable for any consequence of any action taken by the viewer relying on such material/information. The viewer is advised to seek information on the project/projects before booking of any product from the company office/website **www.omaxe.com,** MPRERA **office/website https://rera.mp.gov.in**

## न्यूज कॉलम

### माता पूजन के दौरान नाबालिग के हाथ से चली हर्ष फायरिंग में पांच घायल

**इंदौर।** इंदौर के राउ थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान गोली चलने की घटना सामने आई है, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। राउ पुलिस के अनुसार घटना नयापुरा इलाके में हुई, जहां विहीप नेता नंदकिशोर जाट की बेटी के माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन था। बताया जा रहा है कि सभी लोग सीतलामाता मंदिर से लौट रहे थे। इसी दौरान हर्ष फायर के लिए नंदकिशोर जाट ने अपनी 12 बोर की बंदूक मंगवाई। बंदूक देते समय एक 12 वर्षीय नाबालिग के हाथ से गलती से ट्रिगर दब गया, जिससे गोली चल गई। गोली के छर्रे हवा में फैल गए और आसपास खड़े करीब पांच लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार इस्तेमाल की गई बंदूक लाइसेंसी बताई जा रही है।

### एरोड्रम में बाइक विवाद पर जानलेवा हमला लॉ स्टूडेंट की मौत, दो रिश्तेदार घायल

इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र की शुभम पैलेस कॉलोनी में बाइक की टक्कर से शुरू हुआ विवाद लॉ के स्टूडेंट की हत्या में बदल गया, जबकि उसके भांजे और भाई पर भी जानलेवा हमला किया गया। टीआई तरुण सिंह भाटी ने बताया कि शुभम पैलेस कॉलोनी में रहने वाले संजय सिंह बेस, उनके भांजे आरव सिंह बिष्ट और भाई तेजपाल सिंह रावत पर चार बदमाशों ने मिलकर हमला कर दिया। परिजन तीनों को गंभीर हालत में मालवा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात उपचार के दौरान संजय सिंह बेस की मौत हो गई। संजय सिंह बेस हाई कोर्ट में फाइलिंग का कार्य करते थे और लॉ के स्टूडेंट भी थे। घटना के पहले कॉलोनी के पास उनकी बाइक की टक्कर को लेकर कुछ युवकों से कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते बात विवाद में बदल गई और चारों आरोपियों ने संजय, आरव और तेजपाल को घेरकर उन पर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने धारदार हथियार और डंडों से वार किए, जिससे तीनों लहूलुहान होकर गिर पड़े। सूचना मिलते ही एरोड्रम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों के बयान तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने इस मामले में दो हमलावरों को सोमवार देर रात ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनके दो साथी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। टीआई भाटी के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### अवैध शराब पर कार्रवाई करने के लिए गणतंत्र दिवस पर मिला पुरस्कार

**इंदौर।** पीथमपुर में गणतंत्र दिवस के मौके पर आबकारी विभाग के दो अधिकारियों को सम्मानित किया गया। पीथमपुर के आबकारी वृत्त सागोर के प्रभारी अधिकारी मुनेन्द्र सिंह जादौन और आबकारी वृत्त धार के प्रभारी अधिकारी राजकुमार शुक्ला को अवैध शराब के खिलाफ उत्कृष्ट कार्रवाई के लिए जिला मुख्यालय धार में पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुनेन्द्र सिंह जादौन ने सागौर वृत्त में अप्रैल 2025 से दिसंबर 2025 तक अवैध मदिरा के कुल 514 प्रकरण दर्ज किए। इन कार्रवाइयों में 17,156 बल्क लीटर देसी और विदेशी मदिरा जब्त की गई, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 69 लाख 53 हजार 262 रुपए है। इसी तरह, राजकुमार शुक्ला ने 407 प्रकरण दर्ज किए, जिनमें 17 हजार 956 बल्क लीटर शराब जब्त की गई। इसका अनुमानित बाजार मूल्य 30,37,930 रुपए बताया गया है। यह सम्मान 26 जनवरी की शाम को जिला मुख्यालय धार में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्र, धार विधायक नीना विक्रम वर्मा और धार पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने मुनेन्द्र सिंह जादौन और राजकुमार शुक्ला को यह पुरस्कार भेंट किए।

## प्रेमिका के घर में घुसे सनकी आशिक ने की भाई की हत्या, युवती और मां घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



एरोड्रम थाना क्षेत्र के सुखदेव नगर में सोमवार रात सनकी आशिक ने प्रेमिका के घर में घुसकर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया, जिसमें युवती के भाई की मौत हो गई, जबकि युवती और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हैं।आरोपी युवक ने वारदात के बाद खुद को भी चाकू मारकर घायल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम वेदांत सोलंकी (लगभग 22 वर्ष) है, जो बिजासन रोड का रहने वाला है। जिस युवती के घर यह खून-खराबा हुआ, उसका नाम विधि लखावत (करीब 20 वर्ष) है। हमले में जान गंवाने वाले युवक की पहचान विधि के भाई वेदांश लखावत (लगभग 18 वर्ष) के रूप में हुई है। हमले में विधि की मां अनीता लखावत (उम्र लगभग 40 वर्ष) भी घायल हुई हैं। चारों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां वेदांश ने अरबिंदो अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

टीआई तरुण भाटी के मुताबिक, वेदांत और विधि के बीच पहले दोस्ती थी, लेकिन पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच विवाद और दूरी चल रही थी। इसी रंजिश और कथित एकतरफा प्रेम के चलते वेदांत सोमवार रात करीब 10 बजे 60 फीट रोड स्थित विधि के घर पहुंचा। घर में घुसते ही उसने पहले परिजनों को जान से मारने की धमकी दी और फिर विधि, उसके भाई वेदांश और मां अनीता पर चाकू से लगातार वार कर दिए।पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि घटना से 5-6 दिन पहले ही पीड़ित परिवार ने वेदांत की शिकायत थाने में की थी, लेकिन उस समय उसे समझाइश देकर छोड़ दिया गया था। परिजनों का आरोप है कि अगर तभी सख्त कार्रवाई होती तो यह वारदात टल सकती थी। पुलिस ने हत्या, हत्या के प्रयास और धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### नीलगाय से फसल बचाने के लिए उठाया कदम, ऑपरेशन चलाने के लिए किया सर्वेक्षण

## सर्वे में 50 से अधिक गांव चिन्हित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

किसानों की फसलों को नीलगाय से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए जिला प्रशासन ने वन विभाग को रेस्क्यू ऑपरेशन अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसके तहत वन विभाग ने अभियान शुरू करने से पहले उन इलाकों में सर्वे कराया, जहां नीलगाय का प्रकोप अधिक है।

वन विभाग की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, इंदौर जिले की सभी तहसीलों में करीब 50 गांव ऐसे हैं, जहां नीलगाय के कारण किसानों को हर साल भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इन गांवों को हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है।

**देपालपुर, सांवेर, महू और मानपुर प्रमुख हॉट स्पॉट-** वन विभाग के अनुसार देपालपुर, सांवेर, महू, मानपुर और इंदौर की दतौनी फायर रेंज क्षेत्र में नीलगाय के सबसे अधिक हॉटस्पॉट पाए गए हैं। इनमें अकेले देपालपुर तहसील के कई गांव शामिल हैं।

**देपालपुर के ये गांव सबसे अधिक प्रभावित-** देपालपुर तहसील में शाहपुरा, नौगावा सर्फ, सुमठा, नान्द्रा, गंगाजलखेड़ी, अटाहेड़ा, सुनाला, कटकोदा, पितावली, गुडर, रुद्राख्या, खडोतिया, बान्याखेड़ी, उजालिया, खाडिया, बड़ोदिया, मुरखेडा, नैवरी, चाटवाड़ा, अजन्दा और सुनावदा जैसे गांवों में नीलगाय का प्रकोप सबसे ज्यादा बताया गया है। इन गांवों के किसानों का कहना है कि जिसे प्रशासन नीलगाय कहता है, वह वास्तव में जंगली घोड़े जैसी प्रजाति है, जो फसलों को भारी नुकसान पहुंचाती है। किसानों ने प्रशासन और सरकार से बिना डर ठोस कार्रवाई की मांग की है।




कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट

यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन

इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
आयुष क्लिनिक
AYUSH CLINIC ( REG.)
CHOPATI INGORIYA
बवासीर ( खूनी/बादी ) भगन्दर रोग निदान तथा प्रति चिकित्सा समय 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पाइल्स ( बवासीर ) , फिशर , फिश्चुला ( भगन्दर ) पाइलोनीडल साइनस गुदा का बाहर निकलना , गुदा का चर्मरोग आदि गुदा रोगों के निदान तथा चिकित्सा हेतु का आयोजन किया गया है ।
गुदगत रोग के प्रमुख लक्षण — शौच के बाद दर्द होना , खुजली,खून गिरना , मस्सा फूल जाना , गुदा के आस पास फुंसी होना तथा उसमे से पानी ( PUS DISCHARGE ) होना आदि ।
प्रमुख कारण — कब्ज होना , अनुवांशिक , इन्फेक्शन होना , सा प्रसुति के बाद अथवा बार बार दस्त लगना आदि ।
डॉ.दिनेश कुमार जोशी
बी. एस. सी . बी. ए .एम.एस.
*क्षार सूत्र में ट्रेंड* ( पारूल यूनिवर्सिटी )
* क्षार सूत्र में ट्रेंड * ( डॉ. के. वी. एस. राव ) गुरु ( अखिल भारतीय विधापीठ न्यू दिल्ली )
पता => शा. हॉस्पिटल के सामने इंगोरिया चौपाटी ( इंगोरिया )
Contract number
9752438839
9752738839

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




गुमशुदा की तलाश

मेरा पुत्र लखन परमार विगत 5 माह से हरिओम तौलकांता पुराना से लापता है। इनकी उम्र 21 वर्ष है, जिनका आज दिनांक तक कोई पता नहीं चल पाया है।
मेरे पुत्र की सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जावेगा। कृपया इस नं. या थाना चिमनगंज मंडी पर सूचित करें।
संपर्क करें
7747804933, 9303437260

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com